दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्ष: 19, अंक: 194 ■ दमण, मंगलवार 30 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

# प्रशासक प्रफुल पटेल पर बेबुनियाद आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ संघ प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश

■ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संघ प्रदेश के बुद्धिजीवी लोगों का जवाबः प्रशासक प्रफुल पटेल हमारे दिलों पर करते है राज

■ पुर्तगाली शासन से लेकर दमण-दीव और दादरा नगर हवेली की आजादी के दशकों बाद जो सुविधाएं जनता को नहीं मिली थी वह सभी सुविधाएं प्रशासक प्रफुल पटेल ने सिर्फ 7 साल में संघ प्रदेश की जनता को उपलब्ध करायी है: जागरुक नागरिक





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। संघ प्रदेश थ्रीडी में 28 अप्रैल को चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा संघ प्रदेश थ्रीडी प्रशासक प्रफुल पटेल के खिलाफ की गयी टिप्पणी एवं आरोपों से प्रदेश की जनता में राहुल गांधी के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के जागरुक एवं बुद्धिजीवी नागरिकों ने राहुल गांधी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें सीधे-सीधे चुनौती देते हुए कहा है कि प्रशासक प्रफुल पटेल के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने से पहले राहुल गांधी को संघ प्रदेश थ्रीडी के सर्वांगीण विकास की कम से कम एक झलक देखनी चाहिए थी। नागरिकों का कहना है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी ने इस देश पर 55 साल शासन किया फिर भी दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में एक मेडिकल कॉलेज, एक इंजीनियरिंग कॉलेज, एक नर्सिंग कॉलेज तक नहीं शुरु कर पाये। संघ प्रदेश थ्रीडी के प्रबुद्ध नागरिकों में सुमार डॉक्टरों, वकीलों, इंजीनियरों, उद्योगपतियों, सामाजिक अग्रणियों, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त बयान में कहा है कि पिछले 7-8 सालों में पीएम मोदी के सीधे मार्गदर्शन में प्रशासक प्रफुल पटेल ने संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फैशन डिजाइनिंग कॉलेज, लॉ कॉलेज, आईआईटी कैम्पस शुरु कराया, आधुनिक आंगनवाडी (नंदघर) एवं सरकारी स्कूल, तीनों जिलों में नये सरकारी अस्पतालों का निर्माण, आधुनिक वेलनेश सेंटर (प्राथमिक आरोग्य केन्द्र) का निर्माण, मजदूरों के लिए श्रमयोगी प्रसाद योजना के तहत 5-10 रुपये में पेट भर खाना, मजदूरों के स्वास्थ्य के लिए श्रमयोगी स्वास्थ्य योजना, पीएम आवास के तहत आवासविहीन लोगों के लिए घर, मजदूरों के निवास के लिए स्पर्श योजना के तहत आधुनिक आवास, दादरा नगर हवेली, दमण और दीव में पर्यटन विकास, अरबी समुद्र किनारे रामसेतु और नमो पथ का निर्माण, तीनों जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के तहत मजबूत सडकों का जाल, दमण-दीव के बीच में हेलिकॉप्टर सेवा शुरु कराया, दमण में नागरिक विमान सेवा शुरु करने के लिए एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण, प्रदेश में हप्ताखोरी, गुंडागर्दी पर पूर्णविराम, उद्योगों को सुरक्षा और नये उद्योगों का आगमन, माछीमारों के लिए नयी फिश मार्केट का निर्माण, ऐतिहासिक धरोहरों का सौंदर्यीकरण, प्रदेश की सैकडों महिलाओं को महिला आत्मनिर्भर अभियान के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से ट्रेनिंग और स्वनिर्भर बनाया है। पुर्तगालियों से आजादी मिलने के बाद प्रदेश की आजादी से लेकर 2016 तक संघ प्रदेश थ्रीडी में जो विकास नहीं हुआ था वह प्रशासक प्रफुल पटेल ने पिछले 7-8 वर्षों में लगातार ग्राउंड जीरो पर पसीना बहाकर करके दिखाया है। आज हमारा संघ प्रदेश थ्रीडी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वनिर्भर हो चुका है। पर्यटन विकास ने इस प्रदेश की आर्थिक समृद्धि को बढाया है। रामसेतु और नमो पथ जैसे देश के युनिक प्रोजेक्टों के चलते प्रदेश में रोजगारी के अवसर बढे है। प्रदेश का नाम पूरे देश में विकसित प्रदेश के रुप में गर्व से लिया जाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऐसा समझते है कि 20 मिनट का भाषण देकर विकास हो जाता है तो उससे बडा नादान कोई नहीं है। नागरिकों ने राहुल गांधी को जवाब देते हुए कहा कि आपने प्रशासक प्रफुल पटेल के लिए राजा की तरह राज करने की बात कही है तो प्रशासक प्रफुल पटेल सही मायने में हमारे दिलों पर राज करते है। संघ प्रदेश थ्रीडी की जनता ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को शहजादे के रुप में संबोधित करते हुए कहा कि आपके शासन में इस संघ प्रदेश के विकास के लिए जो हजारों करोड आये थे फिर भी आपके शासकों ने इस प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित की ज्यादातर सभी प्राथमिक सुविधाओं से वंचित रखा था और जो करोडों का फंड था उसका क्या हुआ इसका हिसाब इस प्रदेश की जनता आपसे मांगती है। पिछले 7-8 वर्षों में केन्द्र सरकार की तरफ से हर साल जो फंड आता था वहीं फंड आया फिर भी उसी सिमित फंड में प्रशासक प्रफुल पटेल ने इस संघ प्रदेश का भाग्योदय कर दिया। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कल मोटी दमण के लाइट हाउस पर आयोजित जनसभा में प्रशासक प्रफुल पटेल पर आरोप मढे थे। लेकिन आज प्रदेश के बुद्धिजीवियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मुंहतोड जवाब देते हुए रुबरु दमण-दीव और दादरा नगर हवेली का दौरा करने का चुनौती दे दी है। साथ ही साथ प्रशासक प्रफुल पटेल जनता के दिलों पर राज करते है ऐसी दिल की भावना भी व्यक्त की है।

## संघ प्रदेश थ्रीडी के नागरिकों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिखाया आईना

पिछले 7-8 सालों में पीएम मोदी के सीधे मार्गदर्शन में प्रशासक प्रफुल पटेल ने संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फैशन डिजाइनिंग कॉलेज, लॉ कॉलेज, आईआईटी कैम्पस शुरु कराया, आधुनिक आंगनवाडी (नंदघर) एवं सरकारी स्कूल, तीनों जिलों में नये सरकारी अस्पतालों का निर्माण, आधुनिक वेलनेश सेंटर (प्राथमिक आरोग्य केन्द्र) का निर्माण, मजदूरों के लिए श्रमयोगी प्रसाद योजना के तहत 5-10 रुपये में पेट भर खाना, मजदूरों के स्वास्थ्य के लिए श्रमयोगी स्वास्थ्य योजना, पीएम आवास के तहत आवासविहीन लोगों के लिए घर, मजदूरों के निवास के लिए स्पर्श योजना के तहत आधुनिक आवास, दादरा नगर हवेली, दमण और दीव में पर्यटन विकास, अरबी समुद्र किनारे रामसेतु और नमो पथ का निर्माण, तीनों जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के तहत मजबूत सडकों का जाल, दमण-दीव के बीच में हेलिकॉप्टर सेवा शुरु कराया, दमण में नागरिक विमान सेवा शुरु करने के लिए एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण, प्रदेश में हप्ताखोरी, गुंडागर्दी पर पूर्णविराम, उद्योगों को सुरक्षा और नये उद्योगों का आगमन, माछीमारों के लिए नयी फिश मार्केट का निर्माण, ऐतिहासिक धरोहरों का सौंदर्यीकरण, प्रदेश की सैकडों महिलाओं को महिला आत्मनिर्भर अभियान के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से ट्रेनिंग और स्वनिर्भर बनाया है।

## संघ प्रदेश के नागरिकों की कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खुली चुनौती

प्रशासक प्रफुल पटेल पर आरोप लगाने से पहले यहां के शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित के विकास को अपनी आंखों से आकर देखे। जो काम पुर्तगाली शासन से लेकर 2016 तक नहीं हुआ था वे सारे काम प्रशासक प्रफुल पटेल ने दिन-रात मेहनत करके सिर्फ 7-8 साल में पूरे किये।

## संघ प्रदेश थ्रीडी के बुद्धिजीवी नागरिकों का कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सीधा सवाल

देश पर 55 साल शासन करने वाली कांग्रेस ने दशकों तक संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव को मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, लॉ कॉलेज, फैशन डिजाइनिंग कॉलेज, आईआईटी कैम्पस जैसी उच्च शिक्षा की सुविधाओं से वंचित क्यों रखा था?

# भाजपा ने दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट के लिए स्थानीय मुद्दों को लेकर जारी किया अपना चुनावी संकल्प पत्र

■ नई औद्योगिक नीति, यूपीएससी और आईआईटी के लिए फ्री कोचिंग सेंटर, 300 यूनिट फ्री बिजली, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार, पेयजल और जंगल जमीन का अधिकार सहित कल 32 मुद्दों के साथ भाजपा ने जारी किया चुनावी संकल्प पत्र



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 29 अप्रैल। दादरा नगर हवेली प्रदेश भाजपा इकाई द्वारा दादरा नगर हवेली जिले के स्थानीय मुद्दों को लेकर अपने प्रत्याशी कला डेलकर को जनता से विजय दिलाने के लिए कुल 32 मुद्दों के साथ चुनावी संकल्प पत्र जारी किया गया है। जिसमें कई स्थानीय मुद्दों को चुनाव के बाद तत्काल प्रभाव से सुधारने का वादा किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से संविदा पर काम करने वाले शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं को रेखांकित भी किया गया है। दादरा नगर हवेली में भाजपा ने पूर्व सांसद मोहन डेलकर की धर्मपत्नी और वर्तमान सांसद कला डेलकर को ही अपना उम्मीदवार घोषित किया है। 7 मई को होने वाले चुनाव को लेकर आज प्रदेश भाजपा इकाई द्वारा अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया गया। जिसमें सपना नहीं हकीकत बनते हैं तभी तो सब मोदी को चुनते हैं के नारे के साथ चुनावी संकल्प पत्र जारी करते हुए स्थानीय स्तर के कुल 32 मुद्दों को शामिल किया है। जिसमें शिक्षकों और सरकारी संविदा पर काम करने वाले सभी को न्याय दिलाने, जंगल जमीन की समस्या को निराश्रित करने, पेयजल की बुनियादी समस्या को समाप्त करने, (समाचार का शेष पेज 3 पर)

# भाजपा ने दमण-दीव लोकसभा सीट के लिए जारी किया संकल्प पत्र

■ सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, सूर्य घर योजना के तहत नागरिकों को 300 यूनिट बिजली फ्री, 20 साल से ज्यादा सरकारी जमीन पर निवास करने वाले नागरिकों को उस जगह की मालिकी हक दिलाने का प्रयास, सीआरजेड के नियमों में छूट, मछुआरों के लिए योजना, होटल एवं बार सहित के लाइसेंस की अवधि एक साल से बढाकर पांच साल करने, दमण-दीव की स्थानीय स्वराज संस्थाओं में जनप्रतिनिधियों को अधिकार दिलाने, महिला सशक्तिकरण एवं युवा शक्ति विकास सहित के कई वादे भाजपा ने किये





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी ने दमण-दीव लोकसभा सीट के लिए आज संकल्प पत्र जारी किया है। दमण-दीव की गारंटी वाले संकल्प पत्र को दमण में भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल और दीव में सांसद लालू पटेल ने अपनी साथी टीम के साथ जारी किया है। इस संकल्प पत्र में संघ प्रदेश थ्रीडी की सी और डी श्रेणी की सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने, सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, ग्राम पंचायतों, जिला पंचायतों एवं नगरपालिकाओं में जनप्रतिनिधियों को फिर से अधिकार देने सहित कई वादे किये गये है। (समाचार का शेष पेज 3 पर)

## अरुणाचल और मणिपुर की अफीम मध्य प्रदेश के रास्ते पंजाब और राजस्थान में

नीमच। अरुणाचल, मणिपुर तथा झारखंड की अफीम मध्य प्रदेश के रास्ते से होकर राजस्थान पंजाब तक पहुंच रही है। नीमच, मंदसौर से अफीम की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है। पूर्वोत्तर राज्यों से मध्य प्रदेश के रास्ते नशे के सौदागरों के नेटवर्क के माध्यम से इसे राजस्थान पंजाब हरियाणा दिल्ली इत्यादि राज्यों में भेजा जाता है। सीबीएनए पिछले 2 साल में 1376 किलो अफीम और 69000 किलो ड़ोड़ाचूरा जप्त किया है। सूत्रों के अनुसार मणिपुर और अरुणाचल से सबसे बड़ी मात्रा में अफीम का कारोबार हो रहा है। इसके लिए नशे के सौदागरों ने मध्य प्रदेश के मंदसौर नीमच मार्ग का उपयोग कर तस्करी की जा रही है। सेंट्रल ब्यूरो का नारकोटिक्स के अधिकारियों के अनुसार 2023 से ऑपरेशन प्रहार चलाते हुए 10326 हेक्टेयर जमीन पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। मणिपुर, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश से अफीम मध्य प्रदेश लाई जाती है। सीमावर्ती राज्य राजस्थान में अफीम से स्मैक तैयार की जाती है। इसके बाद विभिन्न राज्यों में सप्लाई की जाती है।

## जयपुर एयरपोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर । जयपुर एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है मेल मिलने के बाद प्रशासन में हडकम्प मच गया सुबह 9.45 बजे एयरपोर्ट अधिकारियों को मेल मिला था जिसमें एयरपोर्ट पर कई जगह धमाके प्लांट किए जाने की धमकी मिली. जिसके चलते सीआईएसएफ राजस्थान पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बता दें कि 3 दिन के अंदर यह दूसरी बार है जब जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी है. इस ग्रुप ने खुद का नाम टेरेजिरसर्स111 बताया है. ऐसा ही मेल अगरतला, श्रीनगर, चंडीगढ़ और वाराणसी एयरपोर्ट को भी भेजे गए है. फिलहाल अब सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं. गौरतलब है कि पहले इससे पहले 26 अप्रैल को भी जयपुर एयरपोर्ट पर एक मेल आया था जिसमें आरोपी ने एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट को बम रखे होने की धमकी दी. इसके बाद डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच शुरू की. लगभग डेढ़ घंटे की जांच में एयरपोर्ट एरिया में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## हैवानियत का शिकार किन्नर मिला बेहाश, हालत नाजुक

जयपुर। राजस्थान के सीकर के श्रीमाधोपुर में एक किन्नर के साथ हैवानियत किए जाने से जुड़ा मामला सामने आया है। अरनिया-मूंड़रु रोड पर सोमवार सुबह बेहोशी की हालत में किन्नर मिला था। उसके गुप्तांग, चेहरे व शरीर पर गहरी चोट के निशान हैं। पुलिस ने सूचना के बाद किन्नर को अस्पताल में भर्ती कराया, उसके बाद उसे सीकर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद श्रीमाधोपुर थानाधिकारी जय सिंह बसेरा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल किन्नर को इलाज के लिए श्रीमाधोपुर सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक देख उसे हायर सेंटर सीकर रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को राउंड अप किया है। किन्नर का उपचार करने वाले चिकित्सक का कहना था कि किन्नर के गुप्तांग में लकड़ी डाली गई थी, जिसे इलाज के दौरान निकाला गया। इसके अलावा अनेक जगहों पर चोट के निशान हैं। इससे पहले पुलिस अधिकारी ने घटना के संबंध में बताया था कि सोमवार सुबह अरणिया रोड पर एक महिला अर्धनग्न अवस्था में पड़ी मिली, जिसका मौका मुआयना किया गया। तथ्यों के आधार पर महिला को ट्रांसपोर्ट नगर में रहना बताया गया। यहां उसके साथ रहने वाले व्यक्ति पर संदेह जताया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यह बात साफ है कि जिसके साथ घटना घटित हुई वह किन्नर है। होश में आने के बाद उसने बताया कि महरोली के रहने वाले युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था और पैसों का लेन-देन भी था। इस पर पुलिस ने महरोली के करीब रहने वाले सचिन बलाई को पुलिस ने घेरा है।

## चुनावों के बीच दिल्ली विवि के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया

नई दिल्ली । चुनावों के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय (विवि) के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। नाटक मंडली ने सड़क पर घूम-घूम कर सबसे आओ-आओ नाटक देखो की अपील की और देशभर में फैली सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को दिल्ली में 7 जगहों पर नुक्कड़ नाटक किया। डीयू के अलग-अलग कॉलेज के छात्रों ने नाटक में बखूबी अपना किरदार निभाया। जिसने न केवल लोगों का ध्यान खींचा बल्कि कुछ ही पल में नाटक देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। डीयू के शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज की ओर से अलग-अलग समाजसेवी संगठनों के सहयोग से दिल्ली में 2 दिवसीय नुक्कड़ नाटक उत्सव मंथन आयोजित किया गया। शनिवार को 8, जबकि रविवार को 7 स्थानों लाल किला, रोहिणी, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, कमला नगर, हौज खास व डीयू के दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। उत्तर-पूर्व नस्लवाद, बंधुआ मजदूरी, मानव तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे विषयों पर छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से नाटकों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाल किले के सामने चांदनी चौक की तरफ जाने वाले कॉरिडोर पर 100 से ज्यादा छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

## वैज्ञानिक का दावा- चिनाब में हुई हलचल का नतीजा है भू-धंसाव

जम्मू। भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एसएस जसरोटिया ने दावा किया है कि रामबन जिले के परनोट गांव में भूमि धंसने और दरारें आने का मूल कारण चिनाब नदी में हो रहा टेक्टोनिक मूवमेंट यानी पृथ्वी की सतह के नीचे उथलपुथल हो सकता है। इन प्राकृतिक घटनाओं को हम रोक नहीं सकते, लेकिन ऐसे क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरत सकते हैं। प्रो. जसरोटिया के मुताबिक, रामबन में संगलदान की तरफ से आ रही चंगी स्ट्रीम (खड्ड), चिनाब दरिया में मिलती है। जिस स्थान पर चंगी स्ट्रीम चिनाब दरिया में मिलती है वहां दरिया नीचे की ओर दक्षिण की तरफ थोड़ा सीधा बहता है, फिर मुड़ता और फिर सीधा हो जाता है। जब सीधा होता है तो यह फॉल्ट लाइन बनती है, जबकि दरिया के नीचे भी पहले से फॉल्ट लाइन है। दोनों फॉल्ट लाइन बनने से वहां रिवर फॉल्ट बनता है। यह दो अंगुलियों के एक-दूसरे से मिलने जैसा होता है। यहां रामबन की तरफ से आ रहा दरिया ऊपर जाता है, जबकि संगलदान की तरफ से आ रही स्ट्रीम नीचे चली जाती है। इसके एक सिरे को फुट वॉल तो दूसरे को हैंगिंग वॉल कहते हैं। यहां बनने वाले रिवर फॉल्ट से टेक्टोनिक मूवमेंट बनता है। जिस स्थान पर ये मूवमेंट हो रहा है उसके दाहिनी ओर परनोट गांव आता है, जबकि बाईं तरफ संगलदान आता है।

## कोटा में फिर एक स्टूडेंट ने की आत्महत्या, नीट की तैयारी कर रहा था छात्र

जयपुर। कोचिंग सिटी कोटा में एक और छात्र ने फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। बहरहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि छात्र हरियाणा के रोहतक से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करने कोटा आया था। उसने अपने हॉस्टल के रूम में ही सुसाइड किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच तहकीकात शुरू कर दी है। छात्र के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय राजेश कुमार सोनी ने बताया कि घटना 10ः30 बजे की है। 19 वर्षीय छात्र लैंडमार्क इलाके की उत्तम रेजीडेंसी में रहने वाला सुमित कुमार पुत्र विजयपाल है। वह बीते 1 साल से कोटा में रह रहा था। घटना के बाद पुलिस ने उसके हॉस्टल के रूम सीज कर दिया है। इसके साथ ही परिजनों को पूरे मामले की सूचना भी दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद आज यानी पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रिया होगी। बता दें कि यह कोटा शहर में इस साल का छठा आत्महत्या का मामला है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्र फंदे पर लटका मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पाया गया है कि जिस कमरे में छात्र ने फांसी लगाई थी, उसमें कोई हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई थी। अन्य कमरों को भी चेक किया गया तो उनमें भी हैंगिंग डिवाइस नहीं दिखी। इस मामले में हॉस्टल संचालक की लापरवाही सामने आई है।

# अमेठी और रायबेली सीट को लेकर कांग्रेस में सस्पेंस बरकरार

### – कैसरगंज सीट को लेकर बीजेपी भी असमंजस में

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब तीसरे चरण के लिए सात मई को होने वाले मतदान के लिए सियासी पारा चढ़ गया है। उत्तरप्रदेश की ज्यादातर सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुका है। लेकिन कुछ सीटों को लेकर अब भी सस्पेंस है। अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है वहीं कैसरगंज सीट पर बीजेपी अब तक असमंजस में है। इन सभी सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। 26 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। तीन मई अंतिम तारीख है। सोमवार को अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

अमेटी से कांग्रेस राहुल गांधी के उतरने की तैयारी में है। पहले कहा जा रहा था कि वायनाड में मतदान तक अमेठी से राहुल की उम्?मीदवारी का ऐलान रुका है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार हैं। इस सीट पर दूसरे चरण में मतदान हो चुका है लेकिन अब तक अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं हुआ है। अमेठी गांधी परिवार की परम्परागंज सीट रही है। इस सीट पर फिरोज गांधी से लेकर संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

हालांकि 2019 के चुनाव में बीजेपी की स्?मृति ईरानी ने राहुल गांधी को इस सीट से हराया था। स्मृति इस चुनाव में भी अपनी भारी जीत के दावे के साथ बार-बार



राहुल गांधी को यहां से चुनाव लड़ने के लिए ललकार रही हैं। कांग्रेसी भी चाहते हैं कि अमेठी सीट से राहुल गांधी लड़ें ताकि सियासी गलियारों में इन चर्चाओं पर विराम लगे कि गांधी परिवार ने उत्तरप्रदेश छोड़ दिया है।

वहीं रायबरेली सीट पर भी कांग्रेस कश्माकश में है। रायबरेली भी गांधी परिवार की परम्परागत सीट रही है। यहां से सांसद रहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा में चले जाने से रयबरेली से उम्?मीदवारी को लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। इस इंतजार में बीजेपी भी उम्मीदवार घोषित नहीं कर रही है। इस सीट से कभी प्रियंका गांधी का नाम चल रहा है तो कभी कांग्रेस के मलिकार्जुन खड़गे का। पिछले दिनों खड़गे ने यह कहकर चर्चाओं को और हवा दे दी थी कि कांग्रेस, अमेठी और रायबरेली में सरप्राइज देगी। फिलहाल कांग्रेसी और भाजपाई भी कांग्रेस के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं।

उधर, उत्तरप्रदेश की कैसरगज सीट पर बीजेपी का असमंजस भी खत्म नहीं हुआ है। इस सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण को अदालत से राहत नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि बीजेपी उनके परिवार के किसी सदस्य या किसी करीबी को टिकट दे सकती है। कई लोगों का कहना है कि बृजभूषण की दावेदारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई। बीजेपी इस सीट पर फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रही है।

## लोकसभा चुनाव : चौथे चरण के नामांकन पत्र के लिए नोटिफिकेशन जारी

### – 6 मई तक भरे जाएंगे फार्म, 9 मई तक ले सकेंगे नाम वापस




नई दिल्ली। केंद्रीय चुनाव आयोग ने आज लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है, चौथे चरण में 25 मई को छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 57 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। चौथे चरण में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा और नई दिल्ली समेज छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग की नोटिफिकेशन के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई है। नामांकन की जांच 7 मई को होगी। वहीं, नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई है। सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर हुआ था, जिसमें 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। इस चरण में 88 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें केरल की सभी 20 सीटें, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, असम और बिहार की पांच-पांच, छह सीटें शामिल हैं। मध्य प्रदेश में छह, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में तीन-तीन और त्रिपुरा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान हुआ। अब तक दो चरणों में कुल 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण 7 मई को है। 18वीं लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में आयोज?त किए जा रहे है, जिसके नतीजे 4 जून को आएंगे।

# उत्तराखंड के जंगलों में आग लगाने वालों को रंगे हाथ पकड़ा, आरोपियों में नेपाली मजदूर भी शामिल

**पौड़ी (एजेंसी)।** भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन के वनकर्मियों ने जंगल में आग लगाते हुए एक नेपाली मजदूर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। उसके तीन अन्य साथियों ने भी आरोपी के खिलाफ बयान दिए हैं। भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन के जयहरीखाल रेंज अधिकारी बीडी जोशी ने बताया कि रविवार को वनकर्मी कुल्हाड़ के नापखेतों में लगी आग बुझाने के बाद वापस लौट रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति कुल्हाड़ मोड़ के समीप सड़क किनारे जंगल में आग लगा रहा था। वनकर्मियों ने उसे आग लगाते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके हाथ में गैस लाइटर भी था। जबकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही उसके तीन अन्य साथी पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहे थे।



डीएफओ गढ़वाल वन प्रभाग स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि रविवार को पौड़ी रेंज के तहत खिर्सू में आरक्षित वनों को आग से बचाने के लिए फॉरेस्टर जगदीश नेगी व उनकी टीम गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान टीम को पांच लोगों को खिर्सू के समीप आरक्षित वन में आग लगाते हुए दबोच लिया। विभाग के अनुसार आरोपियों के नाम मोसार आलम, नाजेफर आलम, फिरोज आलम, नुरूल व शालेम है। सभी बिहार के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि ये खिर्सू के चौबट्टा में रहते हैं और मजदूर हैं। वहीं नैनीताल के जंगल में लगी आग पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि हम भारतीय सेना समेत सभी संस्थाओं से मदद मांग रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी आग बुझाने के लिए सहयोग करने को कहा जा रहा है। जिम्मेदार पाए गए अधिकारियों की जिम्मेदारी इसमें भी सुधार किया जाएगा।

वनकर्मी चारों को पकड़कर रेंज कार्यालय लैंसडौन लाए। जहां तीनों गवाह राजेंद्र, सतीश कुमार और रंजीत सिंह ने नेपाली मजदूर टेकराम द्वारा जंगल में आग लगाए जाने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि चारो को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कोतवाल लैंसडौन मोहम्मद अकरम ने बताया कि जंगल में आग लगाने के आरोपी नेपाली मजदूर टेकराम के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जल्द ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आरक्षित वनों में आग लगाने वाले आरोपियों को वन विभाग ने दबोचा है। विभाग के अनुसार इन पांचों को खिर्सू की समीप आरक्षित वन में आग लगाते हुए देखा गया। विभाग आरोपियों को अब कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

## आपराधिक प्रवृत्ति के नेता कर रहे चुनाव प्रक्रिया दूषित

### –इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 कार्यक्रम चल रहा है इसी बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक छवि वाले नेताओं को लेकर एक अहम टिप्पणी कर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। आपराधिक छवि वाले नेताओं के चुनाव लड़ने पर अहम टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि आपराधिक छवि वाले लोग चुने जाते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और जबरन वसूली मामले में जमानत देते हुए कही है। उच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में आगे कहा, कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करते हैं क्योंकि चुनाव जीतने के लिए अपराध में लिप्त रहने से उन्हें कोई आपत्ति भी नहीं होती है। इसके साथ ही अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि जब एक लंबे आपराधिक इतिहास वाले व्यक्ति निर्वाचित प्रतिनिधि और कानून निर्माता बनते हैं, तो वो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। जब ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति वाले नेता का भेष धारण कर पूरी व्यवस्था का मजाक बनाते हैं तो हमारे लोकतंत्र का भविष्य संकट में पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण खतरनाक है और यह भ्रष्टाचार बढ़ाने के साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को खोखला करता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, कि इस मामले में इन तथ्यों पर विचार करते हुए कि गवाहों के मुकरने के कारण 28 आपराधिक मामलों में अपीलकर्ता धनंजय सिंह बरी हो गया और उसके खिलाफ 10 आपराधिक मामले अभी लंबित हैं, मुझे ऐसा कोई अच्छा आधार या विशेष कारण नहीं दिखाई देता कि निचली अदालत के सजा के निर्णय पर रोक लगाई जाए। गौरतलब है कि पूर्व सांसद धनंजय और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह ने जौनपुर की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सिंह ने 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## ड्रोन से रखी जाएगी चारधाम यात्रा पर नजर, चीता मोबाइल की भी होगी तैनाती

**देहरादून (एजेंसी)।** चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को कहीं कोई असुविधा न हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम चल रहा है। इसके लिए यात्रा मार्ग पर अलग-अलग जगहों को चिह्नित करते हुए पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। जिससे यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा क्षेत्र से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

चारधाम यात्रा मार्ग पर दून पुलिस के हॉक आई ड्रोन निगरानी करेंगे। इसके लिए चार ड्रोन हमेशा आसमान में उड़ते रहेंगे। यात्रा मार्ग पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के अलावा ये नियमों के उल्लंघन होने पर कार्रवाई भी करेंगे।यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को ऋषिकेश पहुंचे एसएसपी अजय सिंह ने यह निर्देश पुलिस को दिए। इसके अलावा मौजूदा ट्रैफिक और चीता पुलिस के अलावा यात्रा मार्ग पर 10 अतिरिक्त चीता मोबाइल तैनात किए जाएंगे। एसएसपी ने शनिवार को चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन ऑफिस, ट्रांजिट कैंप आदि का निरीक्षण किया।इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज साइट का भी निरीक्षण किया। यहां पर भविष्य में लोगों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने स्थानीय पुलिस को निर्देशित भी किया। उन्होंने यात्रा मार्ग पर जगह-जगह रूट के फ्लैक्स बोर्ड लगाने को कहा। इसके अलावा यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में बैरियर लगाकर वाहनों के आने और जाने के लिए अलग अलग लेन बनाई जाए। पूर्व में चारधाम यात्रा के संचालन के दौरान सामने आयी दिक्कतों का संज्ञान लेते हुए यात्रा शुरू होने से पूर्व उनके निराकरण के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने की तैयारी कर रखी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के अभियान भाषण शर्मनाक: जयराम रमेश

### –राहुल गांधी के शब्दों को दुर्भावनापूर्ण ढंग से तोड़-मरोड़कर पेश किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने लेकिन सुल्तानों, नवाबों, निज़ामों और बादशाहों द्वारा किए गए अत्याचारों पर राहुल गांधी पर चुप रहने का आरोप लगाया। वह राजाओं और महाराजाओं के शासन पर राहुल गांधी के हालिया बयानों का जिक्र कर रहे थे।

पीएम मोदी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के अभियान भाषण शर्मनाक हैं और वह दयनीय होने से कहीं आगे निकल गए हैं। रमेश ने अपने एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों और भावनाओं को भड़काने, उकसाने के लिए दुर्भावनापूर्ण तरीके से राहुल गांधी के हर बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उनका बाहर जाना अपरिहार्य है और इसका एहसास उन्हें और अधिक हताश कर रहा है। उनके अभियान भाषण वास्तव में शर्मनाक हैं।



हाल ही में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था यह राजाओं और महाराजाओं का शासन था, वे जो चाहें कर सकते थे, अगर उन्हें किसी की जमीन चाहिए तो वे उसे छीन लेते थे, कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं के साथ देश के लोगों ने आज़ादी हासिल की, लोकतंत्र लाया और देश का संविधान बदल दिया।

राहुल गांधी के बयान पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने यह बयान जानबूझकर दिए थे, वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण के उद्देश्य से थे। शहजादे ने राजाओं, महाराजाओं के बारे में बुरा बोला लेकिन शहजादे का भारत के इतिहास में नवाबों, निज़ामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अपराध किए, उन पर उनका मुँह बंद था, लेकिन राजाओं, महाराजाओं के बारे में वह बुरा बोलते हैं और उनका अपमान करते हैं।

कांग्रेस नेता ने राजाओं और महाराजाओं पर लोगों और गरीबों की जमीन और संपत्तियों को हड़पने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर रानी चेन्नम्मा जैसी महान हस्तियों का अपमान किया है, जिनका प्रशासन और देशभक्ति हमें आज भी प्रेरित करती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की मानसिकता खुलकर सामने आ गई है और यह उनके घोषणापत्र में भी झलकता है।

# हरियाणा की तीन लाल की राजनीति हुई बेहाल....अब मनोहर लाल की बारी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 1980 के दशक में राज करने वाले तीन लाल की राजनीतिक अब खत्म होती दिख रही है, वहीं चौथे लाल मनोहर लाल इस समय सक्रिय राजनीति में हैं। बीजेपी ने पूर्व सीएम मनोहर लाल को फ्री हैंड दे रखा है। एक नवंबर 1966 को हरियाणा बनने के बाद प्रदेश के तीन लाल देवीलाल, बंसीलाल, भजनलाल ने राजनीतिक की कमान संभाली। लंबे समय तक बदल-बदल कर तीनों लाल ने हरियाणा में राज किया। इसमें स्वर्गीय ताऊ देवीलाल को देश के उपप्रधानमंत्री पद तक भी पहुंचे। बंसीलाल और भजनलाल हरियाणा के साथ-साथ केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहे। तीनों लाल के बाद उनके परिवारों ने राजनीतिक विरासत को संभाला और हरियाणा में सक्रियता दिखाई। बंसीलाल के बेटे स्व. सुरेंद्र सिंह प्रदेश में मंत्री रहे

सुरेंद्र सिंह के निधन के बाद उनकी पत्नी किरण चौधरी आज भी सक्रिय राजनीति कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के परिदृश्य से बंसीलाल का परिवार बाहर हो गया है। कांग्रेस की आपसी खींचतान के कारण स्व. बंसीलाल की राजनीतिक विरासत देखने वाली श्रुति चौधरी को इस बार टिकट नहीं मिला।

वहीं देवीलाल के सुपुत्र ओम प्रकाश चौटाला पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे हैं। देवीलाल की तीसरी पीढ़ी वर्तमान में सक्रिय राजनीति में है। देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला, पोते की पत्नी नैना चौटाला और सुनैना चौटाला वर्तमान में लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं।

हरियाणा के तीसरे लाल भजनलाल का परिवार भी लोकसभा चुनाव से बाहर हो चुका है। भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई हिसार से बीजेपी के टिकट के प्रबल दावेदार थे। वहीं, भजनलाल के बड़े बेटे चंद्रमोहन को हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के लिए कांग्रेस का एक गुट जोर लगा रहा था। दोनों ही भाइयों को कांग्रेस और बीजेपी की तरफ से निराशा ही हाथ लगी है। इसकारण दोनों भाई फिलहाल घर बैठ गए हैं।

हरियाणा में बीजेपी ने वर्ष 2014 के दौरान मनोहर लाल को राजनीति में उतारते हुए नारा दिया कि तीन लाल के बाद अब चौथे लाल हरियाणा को बनाएंगे बेमिसाल। मनोहर लाल



इस समय बीजेपी की राजनीति के मुखिया के रूप में काम कर रहे हैं। बीजेपी ने उन्हें फ्री हैंड दे रहा है। करीब साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहने के बाद अब वह करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

## स्वीप टीम ने किया सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोकरखाड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दादरा नगर हवेली जिले के निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा सुव्यवस्थित मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम ने जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियांक किशोर और रिस्पॉसिबल ऑफिसर एवं चीफ ऑफिसर (सिलवासा नगरपालिका) संग्राम शिंदे के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत स्वीप टीम द्वारा गवर्नमेंट उच्चतर माध्यमिक स्कूल (गुजराती माध्यम) टोकरखाड़ा पर 27 अप्रैल 2024 को विद्यार्थियों द्वारा निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) की ओर से आयोजित चुनाव पाठशाला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बृजभूषण, प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में सभा में उपस्थित विभिन्न स्कूल से आमंत्रित सभी प्राचार्यों, शिक्षकगणों, अभिभावकों एनएसएस के छात्रों तथा अन्य विद्यार्थियों को मतदान देने से संबंधित जानकारी देते हुए वोटर हेल्पलाइन, वोट के दिन ले जाने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों मतदान से संबंधित जानकारी हेतु 1950 तथा 1077 द्वारा दी जाने वाली सेवाएं सी वीजिल एप और वोट के महत्व की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए स्वरचित गीत गाकर विद्यार्थियों के साथ अनेक गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त डॉ. अनिता कुमार, नोडल ऑफिसर में अपने अभिभाषण में मैस्कॉट सिंबा के बारे में जानकारी देते हुए सभी मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर वोट देने के लिए जाने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ-साथ प्राचार्य डॉ. मनीषा पटेल द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त सहायक निदेशक (शिक्षा) परितोष शुक्ला और स्कूल की प्राचार्या डॉ. मनीषा पटेल के निर्देशानुसार ईएलसी (निर्वाचन साक्षरता क्लब) की ओर से स्कूल में निर्वाचन संबंधी इस प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई। स्वीप टीम की ओर से इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले सभी बच्चों को टी-शर्ट और कैंप वितरित की गई। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप टीम द्वारा होरिजोन ग्रीन, नरोली और ब्रह्मांड कॉम्प्लेक्स सिलवासा में मतदान संबंधी जानकारी के साथ नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया गया। स्वीप टीम द्वारा सोशल मीडिया के अंतर्गत इंस्टाग्राम (२५ीस्त्रल्लिँ2024) और फेसबुक पर भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाती है। जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यहां के प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक को फॉलो करें और अधिक से अधिक संख्या में इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए मतदान संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तथा 7 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें।

## अधिकतम वोट - अधिक सुरक्षा और समानता

जब हमारा देश आज़ाद हुआ तो इस आज़ादी में हिंदुस्तान के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक वयक्ति ने अपने शक्ति और सामर्थ्य के हिसाब से तन, मन और धन देकर सहयोग प्रदान किया था, क्रन्तिकारी वीर शहीद और अपना सर्वस्य न्योछावर कर देने वाले लोगो की भी कोई कमी नहीं रही। उद्देश्य एक ही था ₹ गुलामी से मुक्ति और एक ऐसे समाज की व्यवस्था जहा सभी को सामान अधिकार मिलें₹। गुलामी से मुक्ति हमें देश को आज़ाद होते ही मिल गया और सभी को सामान अधिकार के लिए संविधान के माध्यम से देश में लोकतंत्रात्मक गणराजय की व्यवस्था की गई। इससे देश के समस्त नागरिको को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय के साथ साथ विचार, अभिव्यक्ति, विस्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता का अधिकार मिल गया। आज हम आज़ाद है पर सभी को सामान अधिकार हैं इसमें संशय है। देश की सरकार अपने हिसाब से काम करती हैं। उनका मकसद उनकी सोच अपने सरकार को बनाये रखने की होती हैं या सरकार में नहीं हैं तो सरकार बनाने की होती हैं और उस हिसाब से वो अपना गणित बैठाते रहते हैं। सरकारें आती हैं - सरकारें जाती हैं पर सामान अधिकार की व्यस्था अधूरी रह जाती हैं। इतिहास गवाह हैं, जब भी देश की जनता ने किसी अच्छे कार्य के लिए एकजुटता दिखलाई हैं, सरकार को उसकी वयस्था करनी पड़ी है। देश की जनता क्या सोचती हैं, देश की जनता क्या चाहती हैं उसको अपने सोच और चाहत को मनवाने का सही वक्त होता हैं चुनाव। अलग अलग वेश में अलग अलग रूप में राजनैतिक पार्टियां चुनाव में हिस्सा लेती हैं। प्रत्येक राजनितिक पार्टी का अपना घोषणा पत्र होता हैं जिसमे उनके विजयी होने के बाद के मनसूबे देखे जा सकते है। लोकतंत्र की खूबसूरती ये हैं कि इसमें जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए शासन होता हैं। प्रोफेसर सिले ने कहा था - प्रजातंत्र एक ऐसी सरकार है जिसमें सबका हिस्सा होता है। देखा जाय तो सबकुछ ठीकठाक चल रहा हैं पर जब किसी भी चीज़ में जनता के सहयोग का अभाव हो जाता हैं तो गलत नियत के लोग अपना फायदा वखूबी उठा लेते हैं। देश अभी चुनाव का महापर्व मना रहा है जो चुनाव आयोग के चुनाव के तारीखों के घोषणा से शुरू होकर अंतिम नतीजे आने तक चलेगा और नये सरकार के शपथ के साथ इस महापर्व का समापन हो जायेगा। अगर हम जनता के सहयोग कि बात करें तो कम लोगो द्वारा वोट का डाला जाना ये दर्शाता है कि जनता अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं करना चाहती, तो फिर चुनाव के बाद तो शिकायत भी नहीं होनी चाहिए। वोट डालना जनता का अधिकार है पर अगर सही तरीके से देखा जाये तो वोट डालना देश के निर्माण में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता का परम कर्तब्य है। वोट डालने वाला अपनी सरकार बनाना चाहता है, अपने पसंद के व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि बनाकर सरकार में या सरकार के सहयोग से अपने देश, अपने समाज और अपने जनता का उसके अनुकूल व्यवस्था करवाना चाहता है। वोट नहीं देना देश कि दिशा के विरुद्ध काम करना नहीं है तो और क्या है! जनता समझदार है, और सिर्फ ये सोचकर कि हमारे एक वोट से क्या होगा, वोट के दिन वोट डालने के अलावा सारा काम करना ये देश में रहते हुए देश को ठेंगा दिखाना नहीं तो और क्या है!! फिर कैसे कोई सबको सामान अधिकार कि कल्पना भी कर सकता है, जहा जनता का अधिकांश वर्ग अपने आप को देश कि सरकार चुनने से दूर रख रहा हो। अभी भी वक्त है, जनता को चुनाव के इस महापर्व में एक जन आंदोलन कि तरह भाग लेना चाहिए और एक देशभक्त प्रतिनिधि, जो सबके प्रति संवेदनशील हो या चुनाव लड़ने वालों में सबसे अच्छे उमीदवार का चुनाव करके एक देशभक्त, राष्ट्रप्रेमी सरकार को बनाने में अपना सहयोग करना चाहिए। जनता का ये सहयोग ही हमें एक ऐसे समाज कि व्यवस्था करने में हमारी मदद करेगा जहा सभी को सामान अधिकार मिल सकता है।



साभार - देवी प्रसाद श्रीवास्तव की कलम से

## ड्रोन से रखी जाएगी चारधाम यात्रा पर नजर, चीता मोबाइल की भी होगी तैनाती



देहरादून(ईएमएस)। चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को कहीं कोई असुविधा न हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम चल रहा है। इसके लिए यात्रा मार्ग पर अलग-अलग जगहों को चिह्नित करते हुए पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। जिससे यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा क्षेत्र से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। चारधाम यात्रा मार्ग पर दून पुलिस के हॉक आई ड्रोन निगरानी करेंगे। इसके लिए चार ड्रोन हमेशा आसमान में उड़ते रहेंगे। यात्रा मार्ग पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के अलावा ये नियमों के उल्लंघन होने पर कार्रवाई भी करेंगे।यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को ऋषिकेश पहुंचे एसएसपी अजय सिंह ने यह निर्देश पुलिस को दिए। इसके अलावा मौजूदा ट्रैफिक और चीता पुलिस के अलावा यात्रा मार्ग पर 10 अतिरिक्त चीता मोबाइल तैनात किए जाएंगे। एसएसपी ने शनिवार को चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन ऑफिस, ट्रांजिट कैंप आदि का निरीक्षण किया।इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज साइट का भी निरीक्षण किया। यहां पर भविष्य में लोगों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने स्थानीय पुलिस को निर्देशित भी किया। उन्होंने यात्रा मार्ग पर जगह-जगह रूट के फ्लैक्स बोर्ड लगाने को कहा। इसके अलावा यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में बैरियर लगाकर वाहनों के आने और जाने के लिए अलग अलग लेन बनाई जाए। पूर्व में चारधाम यात्रा के संचालन के दौरान सामने आयी दिक्कतों का संज्ञान लेते हुए यात्रा शुरू होने से पूर्व उनके निराकरण के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने की तैयारी कर रखी है।

## पंजाब-जम्मू आने-जाने वाली63 ट्रेन कैंसिल; 62 ट्रेनों के रूट डायवर्ट

अंबाला (ईएमएस)। किसान आंदोलन के चलते ट्रेन व्यवस्था पूरी तरह से डगमगा गई है। दिल्ली, यूपी और हरियाणा की तरफ से पंजाब और जम्मू की तरफ जाने सभी ज्यादातर ट्रेन प्रभावित हो रही हैं, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जब से किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन डेरा डाला है, तभी से रेलवे द्वारा ट्रेनों को कैंसिल किया जा रहा है। रेलवे द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार आज सोमवार से 2 मई तक भिवानी-धुरी, सिरसा-लुधियाना, हिसार-लुधियाना, लुधियाना-चूरू, अमृतसर-हिसार, श्रीगंगानगर-ऋषिकेश, रोहतक-हांसी समेत 63 ट्रेन कैंसिल रहेंगी। रेलवे ने 62 ट्रेन डायवर्ट किया है। वहीं 6 शॉर्ट टर्मिनेट व 5 शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। दरअसल, पंजाब जाने वाली ट्रेन जो चंडीगढ़ व जाखल से डायवर्ट होकर जा रही हैं, उन्हें सर्च करने पर भी डायवर्ट नहीं दिखाता, बल्कि अंबाला कैंट से सीधा शंभू या सरहिंद या लुधियाना अथवा राजपुरा ही दिखा रहा है। 4 बार पहले अल्टीमेटम दे चुके किसान गिरफतार किए गए किसानों की रिहाई के लिए आंदोलनकारी किसान सरकार को पहले भी 4 बार अल्टीमेटम दे चुके हैं। पहले किसानों ने 9 अप्रैल को ट्रेन रोकने का ऐलान किया। 10 अप्रैल को फिर उनकी चंडीगढ़ में हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई, जिसमें रिहाई का भरोसा मिला। किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था, सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। इसके बाद 22 अप्रैल को जींद के खटकड़ गांव में महापंचायत बुलाई। उसमें भी 27 अप्रैल तक सरकार को अल्टीमेटम दिया गया था। नवदीप समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पुलिस ने पहले अनीश खटकड़ को गिरफ्तार किया था, जो जींद जेल में बंद हैं। 28 मार्च को अंबाला पुलिस ने युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा और गुरकीरत सिंह को गिरफ्तार किया। ये दोनों अंबाला सेंट्रल जेल में हैं।

## आसमान से बरसती आग से झुलस रहा आधा भारत, कहीं बर्फबारी ने बढ़ाई मुसीबत



नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत में मौसम का भी अपना रंग हैं। यहां कहीं झुलसाने वाली गर्मी होती है तो कहीं बर्फबारी जानलेवा हो जाती है। इस वक्त भी कुछ इसी तरह का मौसम अपना रंग दिखा रहा है। करीब आधा भारत भीषण गर्मी, लू से झुलस रहा है तो पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश, बर्फभारी हो रही है। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रचंड गर्मी से राहत को मिली है, लेकिन तेज आंधी के साथ पानी और ओलावृष्टि का सामना करना पड़ रहा है। देश के पूर्वी, मध्य और दक्षिण इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय इलाकों में पिछले 15 दिनों से ही लू की स्थिति बनी हुई है। इस समय दोनों राज्यों के कई इलाके प्रचंड गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए झारखंड और ओडिशा में लू और भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट और बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, कर्नाटक के आंतरिक इलाके, आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, केरल के अलग-अलग इलाकों और महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में भी झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है और लू चल रही है। त्रिपुरा में लू के चलते सभी स्कलों को 1 मई तक बंद कर दिया गया है। देश का आईटी हब बंगलूरू पानी के संकट के बाद प्रचंड गर्मी से झुल रहा है। रविवार को महानगर का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। यह सामान्य से 4 डिग्री से भी अधिक है। आईएमडी के बंगलूरू केंद्र के निदेशक सीपी पाटिल ने बताया कि शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक रहा। अभी तक बंगलूरू में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है जो 25 अप्रैल, 2016 को दर्ज हुआ था। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में अगले दो दिन कुछ स्थानों पर भारी बारिश, कई स्थानों पर ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हरियाणा, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्र, सिक्किम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों और तटवर्ती आंध्र प्रदेश, केरल के कुछ स्थानों और लक्षद्वीप के कुछ क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें से कई इलाकों में रविवार को गरज के साथ बारिश हुई और कुछ स्थानों पर बिजली भी गिरी। पहाड़ों पर बर्फ गिरे। देश के आधे से अधिक हिस्से में जहां लू चल रही है, वहीं पहाड़ों पर बर्फबारी से लोग परेशान हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाके बर्फबारी की चपेट में हैं। जम्मू-कश्मीर में तो बर्फबारी के साथ बर्फीला तूफान भी चल रहा है। इसी बदले मौसम के चलते बांदीपोरा में राजदान टॉप पर हुई बर्फबारी में 35 वाहन बुरी तरह फंस गए थे। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने कड़ी मशक्कत के बाद इन वाहनों को सुरक्षित निकाला। बीआरओ के अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी और बर्फीले तूफान के चलते ये वाहन फंस गए थे। आईएमडी के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और तेलंगाना के कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 42-45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, बिहार के कई हिस्सों, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के आंतरिक भाग, उत्तरी तमिलनाडु, मराठवाड़ा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगा किनारे वाले इलाकों में अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

(पेज 1 का शेष समाचार)

### भाजपा ने दमण-दीव लोकसभा सीट के लिए...

इस संकल्प पत्र में युवा शक्ति का विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षण से समृद्धि, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार का सृजन, मछुआरों और किसानों का विकास, प्रवासन विकास के साथ समृद्धि, सबका साथ सबका विकास जैसे अनेक मुद्दों को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शामिल किया है। संकल्प पत्र जारी करने के दौरान दमण में भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नवीन पटेल, दमण जिला अध्यक्ष अस्पी दमणिया, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष मुकेश गोसावी, मीडिय कन्वीनर मजीद लधानी उपस्थित रहे। दीव से संकल्प पत्र जारी करने के दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष किरीट वाजा, दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमने, दीव नगरपालिका प्रमुख हेमलता सोलंकी, बी. एम. माछी, रामजी पारसमणी, तरुणा पटेल सहित भाजपा पदाधिकारी एवं चुने हुए जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM OLD NAME - TARA NILOFAR VALIMOHMED **TO NEW NAME - NILOFAR VALIMOHAMED** RESIDENT OF H.NO. 3/145,KHARAWAD MASJID FALIA,NANI DAMAN, DAMAN, DAMAN AND DIU- 396210.





(पेज 1 का शेष समाचार)

### भाजपा ने दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट के लिए...

दादरा नगर हवेली में नया इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज शुरू करने, यूपीएससी और आईआईटी जैसे क्षेत्र में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री कोचिंग की व्यवस्था करने, 300 यूनिट बिजली फ्री देने, खेल ग्राउंड विकसित करने और स्पोर्ट्स अथॉरिटी बनाने जैसे कई मुद्दों को शामिल किया गया है। महिलाओं को अधिक सुरक्षा देने और उन्हें शिक्षित कर राजनीतिक क्षेत्र में अधिक अवसर देने की भी जिम्मेदारी ली गई है। खानवेल परिक्षेत्र में नया बस डिपो बनाने, ई-बाइक खरीददारों को सब्सिडी दिलाने जैसे मुद्दों के अलावा खनन क्षेत्र को फिर से शुरू करने का भी वादा किया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कला डेलकर ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के साथ यह संकल्प पत्र जारी किया गया है और जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से उनके हितों की गारंटी लेते हैं इसी तरह यह संकल्प पत्र भी जनता के हितों की गारंटी है और चुनाव के बाद इस संकल्प पत्र को एक प्रमुख माध्यम बनाकर प्रशासनिक कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष दीपेश टंडेल ने भी चुनावी संकल्प पत्र पर अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने स्थानीय मुद्दे पर जारी इस संकल्प पत्र को शत प्रतिशत क्रियान्वित करने के लिए तैयार है। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि जनता बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा ले और इस संकल्प पत्र को क्रियान्वित करने में सहयोग करें। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेशसिंह चौहाण, जिला पंचायत अध्यक्ष रामजी कुराड़ा, सिलवासा नगरपालिका अध्यक्षा रजनी शेट्टी, पूर्व सांसद नटू पटेल, पूर्व सांसद सीताराम गवली, महासचिव सुनील पाटिल, परप्रांतीय प्रभारी और सचिव अनिल दिक्षीत, आर. नायर, अजय देसाई जैसे कई बड़े स्थानीय भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पिकअप वैन और कार की टक्कर में 9 की मौत 23 घायल

रायपुर(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में पिकअप वैन और कार की भिड़ंत में 9 लोगों की मौत हो गई। इसमें 5 महिलाएं 3 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। जबकि 23 लोग घायल है जिन्हे स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हे रायपुर एम्स के लिए रिफर किया गया है। इनमें 4 की हालत ज्यादा गंभीर है। हादसा बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठिया पेट्रोल पंप के पास हुआ। सड़क के किनारे माजदा कार खड़ी थी, जिसमें लोगों से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। सभी लोग परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम तिरैया से अपने गांव पथर्रा लौट रहे थे। फिलहाल घटना स्थल पर कलेक्टर एसपी सहित एसडीएम प्रशासन मौजूद है। वहीं दूसरी तरफ रविवार को उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवारियों में चीखपुकार मच गई। हादसे में बस में बैठे करीब 28 सवारियों में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जाता है कि ट्रक बस को चालक की तरफ से रागड़ते हुए निकल गया। इससे चालक की तरफ बैठे 6 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक बरेली नंबर का है और बस उन्नाव से हरदोई की तरफ जा रही थी। तभी यह हादसा हुआ।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में



ललित गर्ग

**पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं।**

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दशार्ता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।



लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है।

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी करेगा साझा

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरूआत की है। व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निःसंदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है। तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं। न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया। देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है। सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।

## चिंतन-मनन

### सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे।

एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए।

अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए। फिर उन्होंने मां से पूछा, कहिए कैसे याद किया? दोनों पुत्रों की ओर देखकर अध्यापिका बोली, यही दोनों मेरी सबसे बड़ी दौलत हैं। दोनों लड़कों को देखकर सेठ अभिभूत हो गया और बोला, बिल्कुल सही। वास्तव में जिसकी संतान संस्कारी और गुणी है, वह कभी गरीब हो ही नहीं सकता। अध्यापिका ने सेठ से कहा, जो कुछ आप मुझे देने आए हैं, उसे अनाथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए दे दें। सेठ ने वैसा ही किया।

# सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर सही फैसला



संजय गोस्वामी

दूसरे चरण के मतदान के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट का एक अहम फैसला आया है। ईवीएम के जरिये डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत प्रतिशत मिलान समेत अन्य मांग जैसे कागज पर मतदान वाली याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई हैं और चुनाव के बीच इलेक्शन कमीशन को बड़ी राहत मिली है।कागज पर जो मतदान होता है उसमें कितना कागज इस्तेमाल होता है और उसके लिए कितने पेड़ को काटा जाता है और उसका बॉक्स इतना होता है कि पोलिंग ऑफसर को उठाते उठाते हाथ दर्द करता है अतः सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर की वापसी वाली मांग ठुकरा दी है जो सही है।





वीवीपैट का मतलब वोटर्स वेरीफाईबल पेपर्स स्टॉक एक्सचेंज ट्रेल है जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक स्वतंत्र पेपर रिकॉर्ड है। वीवीपैट बैलेट पोर्ट के द्वारा, वोट की सही रिकॉर्डिंग को रिकॉर्ड करने के लिए होता हैं। धांधली की संभावनाबिल्कुल नहीं होता है।क्योंकि पर्ची को आप उसमें से जिसे वोट दिया है उसे गिरते हुये देखते है इसमें पार्टी के एजेंटो द्वारा 50या उससे अधिक का मॉक पोल होता हैं और सभी वोट का मिलान किया जाता है और एजेंट की निगरानी में सील किया जाता है और सभी के हस्ताक्षर रहते है इलेक्शन खत्म होने के बाद उसे पुनः बॉक्स में डालकर सील कर दिया जाता है जब काउंटिंग होती है तो एक फॉर्म सी होता है जो चुनाव के अंत में भरा जाता है उसे एजेंट इलेक्शन के बाद अपने पार्टी के सम्बंधित लोगों को दिखलाते हैं व काउंटिंग के दिन वही फॉर्म लेकर वही ईवीएम में सील को देखते हैं व फॉर्म के अनुसार उसका मिलान कर वोट की गिनती होती है हालांकि 10-15% वोट वीवीपैट से मिलाया जाता है ऐ सारा सिस्टम जीपीएस से लैस होता है अतः मॉनिटर रूम से कोई बाहर लेकर जा ही नहीं सकता अतः सभी वीवीपैट का मिलान करना संभव नहीं है क्योंकि उसे काउंट करने में बहुत समय लगता है। वीवीपैट आयोग द्वारा चुनाव सुधार के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण उपकरण में से एक है।

उनके वोट दस्तावेज पर सही ढंग जानकारी मिलती है और यह जांच सकें कि उनका वोट ईवीएम पर सही ढंग से डाला गया है और उनके पास बाद में इसके बारे में सवाल उठाने का कोई मौका नहीं है।

प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को मतदान के दिन वोटर आईडी से मिलाया जाता है और उसका नाम रजिस्टर में नोट किया जाता है और ईवीएम जो पूर्ण रूप से सील रहता है उसमें पोलिंग अफसर द्वारा बैलेट के लिए ओपन किया जाता है और सिग्नल मिलने के बाद मतदाता वैलेट को दबाते हैं और तभी वीवीपैट से स्लिप गिरती है और उसे ऊँगली पर स्याही लगाकर निष्पक्ष मतदान होता है । अतः सुप्रीम कोर्ट के फैसला स्वागत योग्य है।इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के प्रयोग ने निर्वाचन प्रणाली में क्रांति ला दी है और वोटर। वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल सिस्टम के चलन ने मतदान सफल होता है।

# मंगलसूत्र के बाद राजा-महाराजा की फिक्र



राकेश अचल

आप यकीन मानिये कि मै देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा भक्त हूँ,लेकिन अंधभक्त नहीं ,क्योंकि मेरी दोनों आँखें अभी काम कर रहीं है। मै जब तक प्रात;स्मरणीय मोदी जी वंदना न कर लूं मुझे चैन नहीं पड़ता । मोदी जी के अंधभक्त इसे मेरा मनोविकार मानते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सचमुच मोदी जी जैसा अद्भुत नेता न अतीत में कभी हुआ हुई और न शायद भविष्य में कभी हो। मोदी जी में दशावतारों के सभी लक्षण मौजूद हैं।

मोदी जी अठारहवीं लोकसभा के चुनाव प्रचार में अपनी गारंटियों के साथ उपस्थित हुए थे । उन्होंने अपनी उपलब्धियों का डंका पीटने के बजाय सीधे-सीधे मोदी जी की गारंटियां जनता के सामने रखीं थी। अपनी पार्टी के लिए 370 और अपने गठबंधन के लिए 400 पार का लक्ष्य भी रखा था। भाजपा के सभी लोकसभा प्रत्याशियों के नाम अलग थे किन्तु चेहरा एक था और वे चेहरा था मोदी जी का। मोदी जी ने अपना 56 इंच का सीना ठोंक कर पहले ही कहा था कि वे तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मोदी जी की राजहठ के सामने पूरे देश को झुकना चाहिए था। देश शायद झुकता भी किन्तु इन विपक्षी दलों ने सब कुछ मटियामेट कर दिया।

चुनाव के पहले चरण में ही मतदान के बाद मोदी जी अपनी गारंटियों और 400 पार के लक्ष्य को तिलांजलि दे दी। मोदी जी ने देश की महिलाओं के सामने उनके मंगलसूत्र के खतरे की बात पुख्तगी के साथ रखा । मोदी जी के राज में पहले हिन्दू ,बाद में सनातन खतरे में पड़ा और अब अचानक देश की महिलाओं के मंगलसूत्र पर खतरा मंडराने लगा। मोदी जी ने ईमानदारी से अपने अंधभक्तों के साथ ही दीगर प्रशंसकों को साफ-साफ बता दिया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आयी तो हिन्दू महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा मोदी जी का मंगलसूत्र प्रेम देखकर देश की महिलाओं के साथ-साथ श्रीमती मोदी भी खुश हो गयीं,क्योंकि वे तो मानकर चल रहीं थीं की मोदी जी को मंगलसूत्र के बारे में कुछ माहिती है ही नहीं । हकीकत भी है कि माननीय मोदी जी ने इससे पहले सार्वजनिक जीवन में रहते हुए न अपनी पत्नी के मंगल सूत्र की बात कभी की थी और न देश की महिलाओं के मंगलसूत्र की।

सवाल ये है कि पहले चरण के मतदान के बाद ही माननीय मोदी जी ने कैसे मान लिया की कांग्रेस सत्ता में आ रही है ? मेरे हिसाब से कांग्रेस का मोदी जी के रहते सत्ता में वापस लौटना मुमकिन नहीं है ,लेकिन मोदी जी इस बारे में मुझसे ज्यादा जानते हैं। देश की महिलाये अपने-अपने मनागलसूत्र को लॉकर्स में रखने के बारे में सोच ही रहीं थीं कि दूसरे चरण का मतदान भी हो गया। इसके बाद न जाने क्या हुआ की माननीय मोदी जी ने मंगलसूत्र की रक्षा को भी तिलांजलि दे दी और अचानक कहने लगे की देश की जनता पर विरासत कर लगा दिया जायेगा,बाशर्त की कांग्रेस सत्ता में आयी ।

मुझे हैरानी है कि माननीय मोदी जी खुद और अपनी पार्टी को किसी एक केंद्रीय मुद्दे पर क्यों नहीं ठहरने दे रहे। इससे पहले की विरासत कर के बारे में मतदाता जान पाता कि मोदी जी ने उसे भी तिलांजलि दे दी और तीसरे चरण के मतदान के ठीक पहले कांग्रेस द्वारा देश के राजाओं-महाराजाओं के अपमान का मुद्दा पेश कर दिया है माननीय मोदी जी ने कर्नाटक में आधा दर्जन आम चुनावी सभाओं में जोर देकर कहा कि कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाए थे।

मोदी जी के राजा -महाराजा प्रेम से मै भी वाकिफ नहीं था । वो तो पिछले दिनों माननीय मोदी जी ने खुद ग्वालियर आकर इसका मुजाहिरा किया । उन्होंने हमारे ग्वालियर के तेजस्वी महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपना दामाद बताया,क्योंकि सिंधिया की पत्नी गुजरात के बड़ोदरा महाराज की बेटी और अब ग्वालियर कि महारानी हैं। आपको बता दूँ कि मोदी जी की ही पार्टी ने उनके धर्म दामाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को 2019 के आम चुनाव में गुना सीट से हरा दिया था। लेकिन मोदी जी ने 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा में शामिल करा कर अपने और अपनी पार्टी के पाप का प्रायश्चित कर लिया । मोदी जी ने सिंधिया को नजराने के तौर पर राज्य सभा का टिकिट और केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगहभी दी। अब 2024 के चुनाव में माननीय मोदी जी गुना से सिंधिया को जिताने का अल्टीमेटम अपनी पार्टी को दे चुके हैं। मोदी जी ने महाराजा के लिए रैंक केपी सिंह यादव का टिकिट बड़ी बेरहमी से काटा।

मोदी जी जानते हैं कि जब कांग्रेस राजा-महाराजाओं की सनातन विरोधी रही है । कांग्रेस ने राजा-महाराजाओं को अपना चक्र बना लिया था। कांग्रेस के आज के शाहजादे राहुल गांधी का जन्म भी नहीं हुआ था तब उनकी दादी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी जी ने राजा -महाराजाओं के प्रीविपर्स बंद कर दिया था। आपको बता दूँ कि 1947 में जब भारत आजाद हुआ उस समय लगभग 565 रजवाड़े या देशी रियासतें थीं, जिन्हें प्रिंसली स्टेट कहा जाता था। और सरदार पटेल के प्रयासों से रजवाड़ों का भारतीय संघ में विलय हुआ।भारत सरकार ने राजाओं-महाराजाओं को वचन दिया था कि उन्हें अपने परिवार, निजी स्टाफ और राजमहलों के रख-रखाव के लिए सरकारी कोष से कुछ धनराशि दी जायेगी। इस संबंध में यह भी व्यवस्था की गयी थी कि राजाओं के जीवन काल में यह धनराशि उन्हें मिलती रहेगी, पर उसके उत्तराधिकारियों के लिए यह राशि धीरे-धीरे कम कर दी जायेगी। इसी राशि को प्रिवी पर्स कहते हैं।

दरअसल राजा-महाराजाओं को ये रकम गरीब जनता कि गाढ़ी कमाई में से दी जाती थी इसलिए कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी की दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी ने प्रिवी पर्स की समाप्ति सन 1971 मेंकर दी । सितंबर 1970 में प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने प्रिवी प्रर्स को समाप्त करने के लिए लोकसभा में एक संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। लोकसभा में तो इसे दो-तिहाई बहुमत मिल गया, पर राज्यसभा में इसके पक्ष में आवश्यक विशेषाधिकार समाप्त कर दिये।लेकिन 15 दिसंबर, 1970 को उच्चतम न्यायालय ने इस अध्यादेश को अवैध करार दे दिया। परंतु इंदिरा गाँधी की सरकार इस प्रिवी पर्स को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प थी। 1971 में इंदिरा सरकार को शानदार जीत हासिल हुई और फिर 25वें संशोधन अधिनियम द्वारा देशी रियासतों के शासकों के प्रिवी पर्स और विशेषाधिकार समाप्त कर दिये गये।

दिलचस्प बात ये है कि आज माननीय मोदी जी जिन राजा-महाराजाओं के मान-सम्मान की गुहार लगा रहे हैं उन राजा -महाराजाओं में सबसे ज्यादा प्रिसी पर्स मैसूर के राजपरिवार को मिला, जो 26 लाख रुपए सालाना था। हैदराबाद के निजाम को 20 लाख रुपए मिलते थे वैसे प्रिवी पर्स की रेंज भी काफी दिलचस्प थी। काटोदिया के शासक को प्रिवी पर्स के रूप में महज 192 रुपए सालाना की रकम ही मिली। 555 शासकों में 398 के हिस्से 50 ह१जार रुपए सालाना से कम की रकम आई.। 1947 में भारत के खाते से सात करोड़ रुपए प्रिसी पर्स के रूप में निकले। 1970 में ये रकम घटकर चार करोड़ रुपए सालाना रह गई। बहरहाल आप आज यदि तीसरे चरण के मतदाता हैं तो सोचकर वोट डालिये कि आपको राजाओं के मान की फिक्र है या उस रैंक के मान-सम्मान कि जो पांच किलो अनाज के लिए मोहताज है। मर्जी है आपकी ,क्योंकि वोट है आपका।

# आईपीएल 2024: मुम्बई पर जीत दर्ज कर लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी लखनऊ

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल के 48 वें मुकाबले मे मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर मुम्बई इंडियंस के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में कप्तान केएल राहुल की लखनऊ टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। अब तक टीम ने अपने पांच मुकाबले जीते हैं ओर वह 10 अंक लेकर पांचवे नंबर पर है।

लखनऊ की टीम को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। ऐसे में वह इस मैच से जीत की लय हासिल करना चाहेगी। टीम की ओर से बल्लेबाजी की कमान कप्तान केएल राहुल के अलावा क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर रहेगी। इन्हें हालांकि मुम्बई के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से सावधान रहना होगा। सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है बुमराह के अलावा मुम्बई का कोई गेंदबाज इस सत्र में लय में नहीं दिखा है। इसका लाभ हालांकि लखनऊ को मिलेगा।

गेंदबाजी की बात करें तो लखनऊ के पास रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, यश ठाकुर जैसे गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज मयंक यादव अभी तक फिट नहीं हुए हैं। इसलिए वह इस मैच में भी नहीं खेलेंगे। स्पिनर बिश्नोई का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा रहा है और उन्हें खेलना मुम्बई के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। राहुल ने अभी तक वह इस सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बनाये हैं। वहीं टी20 विश्वकप के लिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पहली पसंद हैं। उनका स्ट्राइक रेट 160.60 रहा है जबकि राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन का 161.08 रहा है। ऐसे में राहुल की जगह पर सैमसन का दावा दूसरे विकेटकीपर के लिए पक्का नजर आ रहा है। इसी को देखते हुए राहुल के पास इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा।

दूसरी ओर मुंबई की बात करें तो टीम




अंकतालिका में अभी लखनऊ से काफी पीछे है। मुम्बई की टीम नौवें स्थान पर है और अगर वह इस मैच में हारती है तो उसकी प्लेआफ की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। इस मैच में भी मुम्बई की बल्लेबाजी रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव पर आधारित होगी। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। ऐसे में टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए पंड्या इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना चाहेंगे। इस सत्र में उनकी कप्तानी की भी बेहद आलोचना हुई है। इस सत्र में अब तक राहुल का प्रदर्शन ठीक रहा है पर उनका स्ट्राइक भी राहुल अभी तक किसी भी मैच में अभी तक तेजी से रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में तेजी से रन बनाना रहेगा। ये मैच कुल मिलाकर रामांचक रहेगा।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** -केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, दीपक हुडा, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, मैट हेनरी, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, यश ठाकुर

**मुंबई इंडियंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, मोहम्मद नबी, पीयूष चावला, ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह, नुवान तुषारा।

# आईपीएल के इस सत्र में 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने विराट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 70 रनों की पारी खेलने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। विराट ने इस पारी के साथ ही अपने 500 रन पूरे किये। वह इस सत्र में इतने रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। विराट ने अपनी इस पारी के दौरान और भी कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। विराट इसी के साथ ही आईपीएल इतिहास में सातवीं बार इस आंकड़े तक पहुंची है।

गुजरात ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए पर आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में ही मैच जीत लिया। विराट ने 44 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाये। इसी के साथ ही विराट के अब आईपीएल में अब पूरे 500 रन हो गए हैं। उन्होंने 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। कोहली ने इन मैचों में एक शतक और 4 अर्धशतक लगाये हैं।

इस प्रकार वह ऑरेंज कैप की रैस में प्रबल दावेदार हैं क्योंकि कोई अन्य उनके करीब भी नहीं है। ऑरेंज कैप की रेस के दूसरे दावेदार गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 418 रनों के साथ ही दूसरे नंबर पर है। इस प्रकार विराट और साई सुदर्शन के बीच 82 रन का अंतर है। इस लिस्ट में संजू सैमसन 385 रन बनाकर तीसरे वह केएल राहुल 378 और ऋषभ पंत 371 रन बनाकर चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

# फरवरी-मार्च में हो सकती है चैम्पियंस ट्रॉफी, हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी की सख्त टिप्पणी



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में हो सकती है।

भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, 'हमने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मैचों के लिए शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी।' पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था। भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे जबकि टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

# टी20 विश्वकप के लिए दूसरे क्रिकेटकीपर का चयन हुआ मुश्किल

## -सैमसन, राहुल और कार्तिक ने पेश की है दावेदारी



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत का दावा पक्का होने के बाद चयनकर्ताओं को अब दूसरे या बैक अप विकेटीपर का चयन करना है। इसके लिए आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन कर तीन-तीन विकेटकीपरों संजू सैमसन, केएल राहुल और दिनेश कार्तिक ने अपनी दावेदारी की है। ऐसे में चयनकर्ताओं के साथ ही भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की भी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। सबकी नजर इस बात पर लगी है कि ऋषभ के बतौर विकेटकीपर दावा मजबूत करने के बाद अब बैक अप के तौर पर चयनकर्ता किसे शामिल करते हैं।

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे सैमसन ने चार अर्शशतकीय पारी खेलकर 9 मुकाबले में 385 रन बनाये हैं। वह सबसे अधिक रन बनाने वालों में चौथे नंबर पर चल रहे हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे केएल राहुल के 378 रन हैं जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के दिनेश कार्तिक ने 10 मैच में 262 रन बनाए हैं। अब देखना होगा कि कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ के साथ चयनकर्ता किस खिलाड़ी को अवसर देते हैं।

जून में 1 से 29 तारीख के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में खेला जाना है। इसमें भारतीय टीम आईसी खिताब जीतने पूरी ताकत लगाना चाहती है। ऐसे में चयन के समय सभी बातों को ध्यान में रखा जा रहा है। इसका कारण है कि गत वर्ष भारतीय टीम एकदिवसीय विश्वकप में खिताब नहीं जीत पायी थी। साल भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड के फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने हराकर उसके खिताब जीतने का सपना तोड़ा था. कप्तान रोहित शर्मा के लिए शायद यह आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट होने वाला है। ऐसे में चयनकर्ताओं के साथ जब वह कोच द्रविड़ के साथ सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करना चाहेंगे।

# सैमसन और राहुल ने टी20 विश्वकप के लिए पेश की दावेदारी : स्मिथ

नई दिल्ली । दक्षिण अफीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और केएल राहुल ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए ऋषभ पंत का विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर दावा पक्का है। ऋषभ ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरे विकल्प के तौर पर राहुल और सैमसन को शामिल किया जा सकता है। स्मिथ ने कहा, 'राहुल और सैमसन को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायंट्य के बीच हुए मुकाबले में साझेदारी बनाने की जरूरत थी जिससे दोनो ने पूरा किया। इन प्रकार दोनो ने ही विश्व कप में चयन के लिए अपनी दावेदारी पक्की की है।

# थॉमस कप : इंग्लैंड को 5-0 से हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



चेंगडू (चीन)। गत चैम्पियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा।

# भारतीय एथलीटों की मानसिकता में आया बदलाव : तजिंदरपाल

नई दिल्ली । शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर ने कहा है कि नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से ही भारतीय एथलीट की मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है और खिलाड़ी अब अधिक आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उन्हें लगने लगा है कि वे आगामी पेरिस ओलंपिक में केवल भाग लेने नहीं बल्कि जीत के लिए जा रहे हैं। तूर के अनुसार नीरज की सफलता से अब भारतीय खिलाड़ियों को अपने पर भरोसा होने लगा है और ये एक बड़ी उपलब्धि है। तूर का मानना है कि टोक्यो ओलंपिक के बाद भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे अपने को किसी भी मामले में विश्व के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं मान रहे। एशियाई खेलों में दो बार स्वर्ण पदक विजेता रहे तूर ने कहा, '' टोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने के इरादे से वहां जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हमें मुकाबला करना है।'' ये खिलाड़ियों में आया एक बड़ा बदलाव है।



# टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे केन विलियम्सन

## -15 सदस्यीय टीम में कॉन्वे सहित दिग्गजों की वापसी

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तान अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को दी गयी है। इसके अलावा चोट से उबर गये डेवोन कॉन्वे की भी टीम में वापसी हुई है। टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज के अलग-अलग हालातों को देखते हुए ही टीम घोषित की गयी है।

स्टीड ने कहा, मैं चुने गए सभी खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। ये वो खास खिलाड़ी हैं जो विश्व कप टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। हम उम्मीद करते



हैं कि वेस्टइंडीज में हालात काफी अलग और चुनौतीपूर्ण होंगे। हमने उनके अनुसार ही अपनी टीम का चयन किया है। इस टीम में उनकी अनुभवी खिलाड़ियों की भी वापसी हुई है जो आईपीएल के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे हैं। इस टीम में कॉन्वे और एलेन को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं, विलियम्सन तीसरे और रचिन रविन्द्र चौथे नंबर पर उतरेंगे। स्पिन की कमान ब्रेसवेल, सेंटनर और सोढ़ी के पास रहेगी। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अनुभवी साउदी, हेनरी और फर्ग्यूसन के पास रहेगी। डेरिल चौथे तेज गेंदबाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। कीवी टीम अपने अभियान की शुरुआत सात जून को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

### न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम

केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

# बिश्नोई और कुलदीप को टी20 विश्व कप के लिए शामिल करें : इरफान पठान

मुंबई । पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा कि जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ ही दो कलाई के स्पिनरों को भी शामिल किया जाना चाहिये। पठान ने कहा कि ऐसे में रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनरों को टीम में रखा जाना चाहिये। पठान ने कहा, 'विश्वकप के लिए आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है। इसके साथ ही आप विकेटकीपिंग विकल्प में किसे रख रहे हैं। ये भी देखना होगा। साथ ही कहा कि जब आप रविंद्र जडेजा को आठवें नंबर और बतौर स्पिन ऑलराउंडर रखते हैं तो दो कलाई के स्पिनरों भी रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'मैं दो कलाई के स्पिनरों को खेलते हुए देखना चाहूंगा जो मेरी अंतिम एकादश में बिश्नोई और कुलदीप होंगे। अगर आप बिश्नोई के आंकड़े देखो तो जब भी वह खेला है उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। पठान के अनुनासर युजवेंद्र चहल की विश्व कप टीम में जगह नहीं बनती है हालांकि अभी वह आईपीएल में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हां, हम इस समय आईपीएल के प्रदर्शन की वजह से चहल के बारे में बात कर रहे हैं पर उनका क्षेत्ररक्षण बेहद कमजोर है। अगर आपको क्षेत्ररक्षण में संतुलन बनाना है तो आपको देखना होगा कि एक गेंदबाज एक विशेष जगह पर कहां गेंदबाजी कर सकता है। पठान ने कहा कि तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी की कमान संभालेंगे पर बुमराह के अलावा आपको कम से कम दो और तेज गेंदबाज चाहिए जो नियमित अंतिम एकादश का हिस्सा बन सके।

# आईपीएल में अब तक केवल राजस्थान रॉयल्स की ही जगह पक्की

## -पांच टीमें बराबर अंकों पर जबकि तीन का बाहर होना तय

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक केवल राजस्थान रॉयल्स की ही प्लेऑफ लिए जगह पक्की हुई है। पांच टीमें बराबर अंकों पर हैं जबकि तीन का बाहर होना तय नजर आ रहा है। अब तक 46 मुकाबले हुए हैं। इसके बाद जो तस्वीर उभरकर आयी है उसमें संजू सैमसन की टीम राजस्थान रॉयल्स ने 9 मैच में से 8 में जीत हासिल करके 16 अंक हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की की है। वह अंक तालिका में नंबर एक पर बनी हुई टीम के पास पहले स्थान पर बने रहते हुए क्वालीफाई करने का अच्छा अवसर है। वहीं दूसरे स्थान के लिए मुकाबला कड़ा है। राजस्थान रॉयल्स को छोड़ दें तो अब तक टूर्नामेंट में सबके लिए उतार चढ़ाव भरा सीजन रहा है क्योंकि कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स सभी के 5 जीत के साथ ही 10 अंक हैं. इसमें से सिर्फ एक दिल्ली है जिसने 10 मैच खेले हैं जबकि कोलकाता ने 8 ही मैच खेला है। अन्य टीमों ने 9 मुकाबले हैं। ऐसे में श्रेयस अय्यर की केकेआर का टीम दूसरे नंबर की प्रबल दावेदार नजर आती है। वहीं चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स पर बार होने का खतरा है। इन्हें जीत के लिए अपने सभी मुकाबले जीतने होंगे।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए बचपन के कोच के साथ समय बिता रहे भांबरी



नई दिल्ली । टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी आजकल पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हैं। भांबरी के अनुसार अगर उन्हें ओलंपिक के लिए अवसर मिलता है तो वह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए भांबरी अपने बचपन के कोच आदित्य सचदेवा के साथ जुड़ गये हैं। वहीं विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी होने के चलते पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुनने का अवसर मिलेगा और ऐसे में भांबरी को अवसर मिल सकता है क्योंकि वह एटीपी रैंकिंग में 56वें नंबर के साथ ही दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं। इसलिये उन्हें अवसर मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इसी को देखते हुए वह अपनी तैयारियों को पक्का करने का प्रयास कर रहे हैं। भांबरी जब तक सक्रिय एकल खिलाड़ी थे तो वह बैंकॉक में स्टीफन कून से ट्रेनिंग लेते थे। इस खिलाड़ी ने कहा, ''सचदेवा मेरे खेल को अच्छी तरह जानते हैं। मैं जब 11 साल का था, तब उनसे ट्रेनिंग लेता था। इसलिये जब भी संभव हो उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहता हूं। मैं यहां एक हफ्ते के लिए हूं और सत्र के बाद का समय आदित्य के साथ बिताना चाहता हूं।'' युकी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हर कोई ओलंपिक खेलना चाहता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। वहीं बोपन्ना के पास विकल्प हैं और ऐसे में अगर वह मुझे जोड़ीदार के तौर पर चुनते हैं तो मैं इसके लिए तैयार रहना चाहता हूं।'' साथ ही कहा, ''इस स्तर पर मुझे बस लय बनाये रखने की जरूरत है। इसके अलावा मुझे बस मामूली तालमेल बनाये रखना होगा।'' वहीं कोच का मानना है कि भांबरी पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''उसका खेल अच्छा है और उसे बड़े बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। उसे केवल लय को बरकरार रखना होगा। अगर उसे बोपन्ना का जोड़ीदार बनने का अवसर मिलता है तो वह उसके लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा।

# तीरंदाजी विश्व कप : भारत ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंघाई - भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की।

मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी।

मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं।

खिताबी दौर में दीपिका की शुरुआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा। उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फ एक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते।

पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे। भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरुआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की। इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ 9 अंक वाले तीन निशाने शामिल थे। इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाए।




भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गई और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाए। इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाए और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली। तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आई और टीम सिर्फ 53 अंक ही बना सकी। भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाए और 2010 के बाद पहली बार पुरूष वर्ग का टीम खिताब जीता।

## उपचुनाव में जापान की सत्तारूढ़ पार्टी को मिल सकती है शिकस्त



टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी एक्जिट पोल और संसदीय उपचुनाव के शुरुआती परिणामों में तीनों सीटों पर हारती दिख रही है। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के लिए इस निराशाजनक चुनाव परिणाम को पिछले साल सामने आए भ्रष्टाचार से उसके तार कथित तौर पर जुड़े होने के कारण मतदाताओं द्वारा दी गई सजा के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि किशिदा की पार्टी के सत्ता से जाने की संभावना कम ही है। एलडीपी के महासचिव तोशमित्सू मोतेगी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि परिणाम निराशाजनक हैं। हम इन परिणामों को स्वीकार करते हैं और जनता का विश्वास फिर से पाने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लगातार चुनौतियों से निपटने और सुधार के अपने प्रयास कर रहे हैं। जापानी टीवी चैनलों के एक्जिट पोल के परिणामों के अनुसार मुख्य विपक्षी दल कांस्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान (सीडीपीजे) शिमाने, नागासाकी और टोक्यो सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है। सीपीडीजे के नेता केंता इजुमी ने कहा कि उपचुनाव राजनीतिक सुधार के लिए थे। उन्होंने कहा कि देश में कई मतदाता है। जो इसी तरह की राय व्यक्त करते हैं। इजुमी ने कहा कि अगर सत्तारूढ़ दल द्वारा किए जा रहे सुधार इतने धीमे हैं तो वह जल्द आम चुनाव कराने की मांग करेंगे।

## इंडोनेशिया में फटी ज्वालामुखी, कई किमी तक छा गया अंधेरा

### –तेज धमाके से इलाके में मची भगदड़, अलर्ट जारी

जकार्ता। इंडोनेशिया में तेज धमाके के साथ माउंट इबू पहाड़ पर ज्वालामुखी फट गई। धमाका इतना तेज था कि इलाके में हड़कंप मच गया और लोग घरों से बाहर निकलकर इधर–उधर भागने लगे। 3.5 किलोमीटर तक राख ही राख नजर आ रही थी। सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन (पीवीएमबीजी) ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप में स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12ः37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए तेज धमाका हुआ और ज्वालामुखी फट गई जिससे चोटी से तीन हजार 500 मीटर ऊपर तक राख का गुबार उठ रहा था। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पीवीएमबीजी ने लोगों से 3.5 किलोमीटर के दायरे में कोई भी गतिविधियां न करने का आह्वान किया है। लोगों से घरों से बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क और चश्मा पहनने और ज्वालामुखी की राख गिरने की आशंका से बचने की अपील की है। इंडोनेशिया, एक विशाल द्वीपसमूह है, जो प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर वाले क्षेत्र में स्थित है, जिसकी वजह से इस इलाके में आए दिन भूकंप और ज्वालामुखी फटने का अनुभव होता है। बता दे इस महीने के शुरुआत में, उत्तरी सुलावेसी में माउंट रुआंग में विस्फोट हुआ था, जिससे हजारों लोगों को वहां से निकलना पड़ा था। क्रेटर से 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित मानदो शहर में सैम रतुलंगी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कई दिनों तक बंद रखना पड़ा था।

## हज यात्रियों का बिना परमिट नहीं होगा हज, नियमों का करना होगा पालन

### –इस साल हज पर जाने वालों के लिए सऊदी अरब की फतवा काउंसिल का आदेश

रियाद, । सऊदी अरब ने हज को लेकर नियमों में सख्ती बरती है। सऊदी अरब की फतवा परिषद ने हज के लिए परमिट अनिवार्य जारी कर नियमों का कड़ाई से पालन करने की बात कही है। जारी फतवे के अनुसार आधिकारिक परमिट के बिना हज नहीं किया जा सकेगा। ये कदम हज यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के चलते उठाया गया कदम है। ये फतवा परमिट लेने की जरूरत पर जोर देने के साथ–साथ इस्लामी कानून के तहत हज के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आंतरिक मंत्रालय, हज मंत्रालय, ग्रैंड मस्जिद और मदीना मस्जिद के मामलों की देखभाल के लिए बने सामान्य प्राधिकरण के सहयोग से ये फैसला लिया गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि हज पर आने वाले लोगों को इन नियमों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने की जरुरत पर भी जोर दिया है। हज पर आने वाले लोगों की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों और जोखिमों के बारे में चिंताओं को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, परमिट जारी करने से हज यात्रा से जुड़े अरकान सरलता से पूरे हो जाते हैं, जिससे शरिया द्वारा अनिवार्य सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित होती है। यह व्यवस्था, सुरक्षा बनाए रखने और भीड़भाड़ और संभावित भगदड़ को रोकने के लिए हज यात्रियों की संख्या के प्रबंधन के लिए बहुत जरुरी है। वरिष्ठ विद्वानों की परिषद के अनुसार हज परमिट लेना न केवल एक कानूनी दायित्व है बल्कि इस्लामी शिक्षाओं के अनुपालन के लिए भी बहुत जरुरी है। जो लोग इस जिम्मेदारी को पूरा करेंगे वे न केवल कानूनी परिणामों से बचेंगे बल्कि उन्हें इनामात से नवाजा भी जाएगा। 2024 में करीब 20 लाख भारतीय हज यात्रियों के हज पर जाने की उम्मीद है। भारत से एक लाख, 39 हजार लोग हज पर जाएंगे। देशभर से लोगों ने हज के लिए आवेदन किया था। इनमें से लॉटरी सिस्टम के जरिए 1,39054 हाजियों का नाम चुन लिए गए हैं। करीब 35 हजार लोग निजी रूप से हज पर जाएंगे। भारत और सऊदी की सरकारों के बीच बीते साल द्विपक्षीय हज समझौता हुआ है। इसके तहत हज 2024 के लिए भारत से कुल 1,75,025 हाजियों का कोटा तय हुआ था। इसमें भारतीय हज समिति के जरिए 1,40,020 सीटें आरक्षित की गई हैं। हज ग्रुप संचालकों के जरिए से 35,005 हाजी सऊदी जा सकते हैं।

## राफा के तीन घरों पर इजरायली हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत

तेलअवीव। बीते कई महीनों से इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इजरायल ने एक बार फिर से एयरस्ट्राइक की है। गाजापट्टी में कत्लेआम के बाद अब उसके दक्षिणी गाजा शहर राफा पर हवाई हमले हुए हैं। राफा के तीन घरों पर इजरायली हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं और नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। हमास मीडिया की मानें तो इस हवाई हमले में मरने वालों की संख्या 15 है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर में पट्टी के उत्तर में इजरायली विमानों ने दो घरों पर हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हो गए। राफा वह शहर है, जहां दस लाख से अधिक लोगों ने महीनों से चल रही इजरायली बमबारी के कारण शरण ले रखी है। राफा पर यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब इससे कुछ घंटे पहले मिस्र में इजरायल के साथ युद्धविराम समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए इस्लामी समूह हमास के नेताओं की मेजबानी की उम्मीद थी। बता दें कि हमास–इजरायल के बीच युद्ध 7 अक्टूबर को तब शुरू हुआ, जब हमास आतंकवादियों ने इज़रायल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 253 बंधक बनाए गए थे। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने एक सैन्य अभियान में गाजा को नियंत्रित करने वाले हमास को खत्म करने की कसम खाई है, जिसमें 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से पिछले 24 घंटों में 66 लोग मारे गए हैं। हमास और इजरायल के बीच जारी इस युद्ध ने 2.3 मिलियन आबादी में से अधिकांश को विस्थापित कर दिया है।

## एमडीएच और एवरेस्ट को लेकर जांच में जुटा अमेरिका

वाशिंगटन। एमडीएच और एवरेस्ट में कुछ मसालों को लेकर अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी जानकारी जुटा रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया कि हम एमडीएच और एवरेस्ट को लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर जागरूक हैं, और इसको लेकर ज्यादा जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। हांगकांग और सिंगापुर में बैन के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई भी दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है। एमडीएच और एवरेस्ट मसाले भारत में बहुत लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं।




इटली में पोप फ्रांसिस जेल में बंद महिला कैदियों से मिले।


## जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



वाशिंगटन। जो बाइडन ने इस साल अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार चुने जाने की प्रक्रिया के चलते हुए प्यूर्टो रिको का प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। प्यूर्टो रिको में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने 65 में से 36 मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्यों (डेलीगेट) को चुना है जिन्हें अगस्त के आखिर में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय डेमोक्रेटिक सम्मेलन में भेजने की संभावना है। बाइडन ने प्यूर्टो रिको प्राइमरी चुनाव में 91.3 फीसदी मत हासिल कर 55 डेलीगेट का समर्थन हासिल कर लिया है। इस साल की शुरुआत में, प्यूर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रोड्रिग्ज ने कहा था कि वह अगले राष्ट्रपति पद के चुनाव में वोट डालने के इच्छुक लोगों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक चुनाव कराने की कोशिश करेंगे। इस चुनाव में जीत से जो बाइडन की दावेदारी मजबूत हो गई है।

## जी7 जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई नहीं कर सकता ये दावा एकदम बकवास, संयुक्त राष्ट्र क्लाइमेट चीफ बोले- नतीजे पहले से निर्धारित नहीं कर सकते

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टिल ने सोमवार को जी7 देशों से जलवायु संकट के खिलाफ कार्रवाई तेज करने और पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराने का आह्वान किया। स्टील ने इटली में जलवायु, ऊर्जा और पर्यावरण पर जी7 मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि यह दावा करना पूरी तरह से बकवास है कि जी7 साहसिक जलवायु कार्यों का नेतृत्व नहीं कर सकता है या नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अक्सर मंचों पर सुनता हूं कि हम संभवतः बहुत आगे नहीं बढ़ सकते हैं, अन्यथा हम यूएनएफसीसीसी प्रक्रिया में बातचीत के नतीजे पहले से निर्धारित नहीं करेंगे।




जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के कार्यकारी सचिव, स्टिल ने कहा कि वैश्विक जलवायु वार्ता को रेखांकित करने वाली संयुक्त राष्ट्र प्रक्रिया के संरक्षक के रूप में, मैं मामले को स्पष्ट करने के लिए मजबूर हूं। सात या जी7 सदस्य देशों के समूह में फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान, इटली, कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

स्टिल ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह मंच, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं, अधिक साहसिक कदम उठाने के लिए सहयोग नहीं कर सकता है, जो वैश्विक जलवायु वार्ता के भीतर जो संभव है उसे बढ़ावा देगा। वर्तमान में जी7 सामूहिक रूप से केवल नवीकरणीय क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहा है, एक स्वतंत्र ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर के विश्लेषण के अनुसार, तीन गुना करने के लिए 0.7 TW (टेरावाट) का अंतर छोड़ रहा है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रियाद दौरे पर, 4 मुस्लिम देश के शीर्ष नेता भी पहुंचे



### – इजराइली सेना का गाजा पट्टी पर कत्लेआम के बीच

**रियाद, (एजेंसी)।** गाजा पट्टी पर इजराइली सेना कत्लेआम रोकने को तैयार नहीं है। यहां सोमवार को ही आईडीएफ ने गाजा पर अटैक किया है, जिसमें करीब 13 लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग घायल बताए जा रहे हैं। ऐसी विकट स्थिति में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रियाद दौरे पर पहुंचे हैं, जहां 4 मुस्लिम देश के शीर्ष नेता भी पहुंचे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध नहीं छोड़ने की जिद के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचे हैं। यहां चार मुस्लिम देश मिस्र, सऊदी अरब, कतर, यूएई समेत जॉर्डन के शीर्ष नेता भी पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि एंटनी यहां इन देशों के शीर्ष से गाजा के भविष्य को लेकर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही गाजा पर अगली हुकूमत किसकी होगी इस पर भी चर्चा की जाएगी। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को पश्चिम एशिया की यात्रा शुरू करते हुए रियाद पहुंचे हैं। करीब 06 माह पहले इजराइल-हमास युद्ध के शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र का यह उनका 07वां राजनयिक दौरा है, जिसमें इजराइल यात्रा भी वो करेंगे। इस दौरान उनके इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर संघर्षविराम के लिए दबाव बनाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इससे पहले गाजा में बड़े पैमाने पर निर्दोषों के कत्लेआम पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। इन सब को दरकिनार करते हुए इजराइली पीएम नेतन्याहू गाजा में किए गए हमलों और अपने ऑपरेशन को सही बताते रहे हैं।

## लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल हमला, हूती बागियों पर शक

**यरुशलम (एजेंसी)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक कंटेनर पोत को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस अहम समुद्री मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय पोतों के खिलाफ उनके अभियान की कड़ी में नया हमला है। ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। इसके अलावा उसने और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। उसने क्षेत्र से गुज़रने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर ज़बूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था। 'अम्ब्रे' ने कहा कि पोत को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि इसके सूचीबद्ध संचालक का इज़राइल के साथ व्यापारिक संबंध है। हालांकि पोत के संचालक ने कहा कि पोत ज़बूती में ही है और घटना में इसे निशाना नहीं बनाया जा सकता है। हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है,लेकिन शक उनपर ही है।



## नेपाल के पोखरा और भैरहवा एयरपोर्ट पर लैंड करेंगी फ्लाइट

### –पोल खुलने के बाद चीन ने दबाव में लिया फैसला

**काठमांडू (एजेंसी)।** चीन की पोल खुलने के बाद अब वह दबाव में है। चीन ने ऐलान किया है कि वह एक मई से नेपाली यात्रियों के लिए वीजा फीस खत्म कर रहा है। यही नहीं उसने नेपाल के दो नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पोखरा और भैरहवा में वाणिज्यिक उड़ान को शुरू करने का भी फैसला किया है। यह वही एयरपोर्ट है जिसे चीन की मदद से बनाया गया है। इन एयरपोर्ट को बने महीनों हो गए हैं लेकिन यहां से अभी तक एक भी व्यवसायिक उड़ान नहीं भरी गई है। इसके लिए नेपाल सरकार ने करोड़ों डॉलर का लोन भी चीन से लिया है लेकिन ये एयरपोर्ट उसके लिए फायदेमंद साबित नहीं हो रहे हैं। चीन के कर्ज में दबा नेपाल के पास अब कर्ज लौटाने के लिए कोई भी व्यवसायिक उड़ान नहीं आने से कमाई नहीं हो रही है। इसको लेकर नेपाल ने कई बार चीन से गुहार लगाई थी लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। चौतरफा किरकिरी के बाद अब चीन ने कहा है कि वह इन दोनों ही एयरपोर्ट पर व्यवसायिक उड़ान भेजेगा। चीन ने यह ऐलान इंटरनैशनल डिवेलपमेंट कार्पोरेशन एजेंसी के चेयरमैन लूओ झाओहुई ने काठमांडू में हुए नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन में किया है। नेपाल के पोखरा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को 21 करोड़ 60 लाख डॉलर का खर्च हुए इसके लिए पैसा चीन ने दिया था। वहीं भैरहवा एयरपोर्ट को भी चीन के ठेकेदार ने ही बनाया है। इसे मई 2022 में शुरू किया गया था और इसे बनाने में 4 साल लग गए जो तय समय सीमा से काफी ज्यादा था। नेपाल को उम्मीद थी कि इन दोनों एयरपोर्ट के बनने पर पर्यटकों की संख्या में बढोतरी होगी और नेपाल जमकर कमाई करेगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। भारत के विरोध के बावजूद नेपाल ने पोखरा एयरपोर्ट चीन की मदद से बनाया जो भारत को नागंवार गुजरा। भारत ने साफ कहा है कि वह इन चीनी एयरपोर्ट को कोई हवाई रास्ता नहीं देगा। भारत अगर हवाई रास्ता नहीं देता है तो जो भी एयरलाइन यहां आएगी उसे काफी महंगा पड़ेगा। इस बीच भारत ने भी ऐलान कर दिया है कि वह हाइड्रो पावर डील के जरिए नेपाल को समृद्ध बनाएगा। यही नहीं भारत ने चीन के उस दावे की भी हवा निकाल दी जिसमें बीजिंग नेपाल में सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर रहा है। भारत ने बताया कि नेपाल का 33 फीसदी एफडीआई भारत से आया है जो करीब 89 अरब रुपए है।

## अमेरिका में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर लगाया फिलिस्तीनी झंडा, विरोधी प्रदर्शन में 900 छात्र गिरफ्तार

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने हार्वर्ड यार्ड में जॉन हार्वर्ड की प्रतिमा के ऊपर फिलिस्तीनी झंडा फहराया। यह स्थान अमेरिकी ध्वज के लिए आरक्षित है। गाजा युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन देश भर के विश्वविद्यालयों में जारी है। न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय में 18 अप्रैल को हुई सामूहिक गिरफ्तारियों के बाद से देशभर में गिरफ्तारियों की संख्या 900 के करीब पहुंच गई है। शनिवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय में यह घटना तब हुई जब फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने आइवी लीग स्कूल के परिसर में चल रहे अपने आंदोलन को समाप्त करने से इनकार कर दिया है। हार्वर्ड के एक प्रवक्ता ने इस घटना को विश्वविद्यालय की नीति का उल्लंघन बताया और कहा कि इसमें शामिल व्यक्तियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ब्लूमिंगटन में इंडियाना यूनिवर्सिटी, एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी और सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परिसरों से लगभग 275 लोगों को गिरफ्तार किया गयासमाचार पत्र हार्वर्ड क्रिमसन ने कहा



कि शनिवार शाम को परिसर में तीन फिलिस्तीनी झंडे फहराए गए। जैसे ही हार्वर्ड यार्ड ऑपरेशंस स्टाफ ने झंडे हटाए, प्रदर्शनकारियों ने चिल्लाया शर्म करो और स्वतंत्र फ़िलिस्तीन और फ़िलिस्तीन आज़ाद होगा के नारे लगाए।

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स में रविवार को इजरायल समर्थक और फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें देखी गईं। रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने उस अवरोध को तोड़ दिया जो स्कूल ने दोनों गुटों को अलग करने के लिए स्थापित किया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन डीसी में जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के परिसर में रविवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जहां छात्रों ने एक पार्क और बगल की सड़क पर दर्जनों तंबू लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक केफियेह पहन रखा था और फिलिस्तीनी झंडे लहराते हुए ÷फ्री फिलिस्तीन' के नारे लगाए।

## रूसी विपक्षी नेता नवलनी की मौत का आदेश पुतिन ने नहीं दिया

वाशिंगटन। अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि शायद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की फरवरी में मौत का आदेश नहीं दिया था। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि पुतिन ही अंततः नवलनी की मौत के लिए जिम्मेदार थे क्योंकि जब वह जेल में बंद थे तो उन्हें क्रूर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था, वहीं खुफिया अधिकारियों के पास इस बात के प्रमाण हैं कि पुतिन को नवलनी की मौत की पहले से ही जानकारी थी। पुतिन के दोबारा रुसी राष्ट्रपति बनने के बाद नवलनी की मौत हो गई थी। अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर नवलनी की मौत के संवेदनशील मामले पर बातचीत की। नवलनी की मौत के तुरंत बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसके लिए रुसी राष्ट्रपित पुतिन को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पर यह आरोप नहीं लगाया था कि उन्होंने ही नवलनी को मारने का आदेश दिया था। बाइडन ने उस वक्त कहा था कि हमें यह नहीं पता कि नवलनी के साथ क्या हुआ, लेकिन इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि नवलनी की मौत के लिए पुतिन और उनके सहयोगी जिम्मेदार थे।

## रॉ ने रची खालिस्तानी पन्नू की मौत की साजिश? वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में अब क्या नया दावा कर दिया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के पूर्व अधिकारी विक्रम यादव ने एक हिट टीम को काम पर रखा था और अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून पर हमले की साजिश रची थी। रिपोर्ट के मुताबिक, विक्रम यादव ने पन्नून के बारे में डिटेल्स भेजा, जिसमें उसका न्यूयॉर्क का पता भी शामिल था। वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया कि विदेश मंत्रालय ने उसके लेख पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

नवंबर 2022 में फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिका ने पन्नून को मारने की साजिश को नाकाम कर दिया है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि अमेरिका ने इस चिंता पर भारत सरकार को चेतावनी जारी की कि नई दिल्ली पन्नून को खत्म करने की साजिश में शामिल थी। भारत ने अमेरिकी आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया था, जिसमें कहा गया था कि पन्नून की हत्या की तथाकथित साजिश सरकारी नीति के विपरीत थी।


इसके बाद, मैनहट्टन अदालत में एक अभियोग दायर किया गया जिसमें दावा किया गया कि निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति ने पन्नून की हत्या की योजना में भारत सरकार के अधिकारी के साथ मिलीभगत की, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अभियोग में एक अज्ञात व्यक्ति, 'सीसी-1' का उल्लेख किया गया था, जिसने कथित तौर पर भारत से पन्नून को मारने की साजिश का निर्देशन किया था। आरोपों में कहा गया है कि उसने पन्नुन की हत्या की साजिश रचने के लिए मई 2023 में निखिल गुप्ता को भर्ती किया था।





# अब भी प्रेग्नेंसी, बोटॉक्स की अफवाहों से परेशान है परिणीति

बालीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपडा ने फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए वजन बढ़ाया था जिस वजह से बार-बार उनके प्रेग्नेंसी की खबर आई। परिणीति ने अपने बढ़ते वजन पर बात की और बताया कि वजन बढ़ने से साइकोलॉजिकल भी उन पर असर पड़ा था। परिणीति ने कहा, मैंने कई ब्रांड्स खो दिए। मैं कोई इवेंट नहीं कर रही थी क्योंकि मैं काफी खराब लग रही थी। लोग कहने लगे कि वह प्रेग्नेंट है। लिप्सॉक्शन करवाया है और चेहरे पर बोटॉक्स भी करवाया है। इसके बाद जब मैं यह सब देखती तो आप समझ नहीं सकते कि मुझपर क्या गुजर रहा था। परिणीति ने बताया कि उन्हें अमरजोत के जैसे लगना था क्योंकि डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा कि वह अमरजोत जैसी नहीं लग रही हैं। उन्होंने कहा, यह सब सही नहीं था। यहां तक की जब मैंने चमकीला साइन की, मैं उस वक्त अपने फिटनेस के पीक पर थी। मैं 2 साल से वर्कआउट कर रही थी। मैंने फिर 16 किलोग्राम वजन बढ़ा लिया था। मैं काफी हैवी खाना खाती थी और सोने चली जाती थी ताकि मैं अगले दिन थोड़ी फूली हुई दिखूं। मुझे डबल चिन चाहिए था। मैं चाहती थी कि मेरी आंखें छोटी दिखे। मैं बहुत सारे चांवल और रोटी खाती। पूरे दिन पिज्जा खाना भी सही नहीं था। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि एक सीनियर एक्टर ने उन्हें इस फिल्म को करने से पहले चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ये सब मत कर, तू अपना करियर खत्म कर देगी। परिणीति ने आगे कहा कि लेकिन जो बदलाव आए थे उसके कई हानि थे। वह बोलीं, 6 महीने तक मैंने बहुत खाना खाया। मेरी नींद पर असर हुआ, मेरे मूड पर असर हुआ। मेरा स्टैमिना जीरो हो गया था। कोई वर्कआउट नहीं। मैं इंडियन कपड़े पहनती थी जो काफी सुंदर थे जिसमें मैं खुद जैसी दिखती थी। लेकिन मुझे खुद जैसा नहीं दिखना था। मुझे अमरजोत जी जैसा दिखना था। यह काफी बड़ा स्ट्रगल था और लोग फिर कमेंट कर रहे हैं कि ये कितनी गंदी लग रही है। मुझे बुरा लगता है कि लोग इतनी आसानी से जज कर लेते हैं। मैंने इन सबके बीच शादी की थी। अपनी लाइफ के इतने बड़े दिन पर मैं ऐसी दिख रही थी। मैंने अपने पर्सनल बलिदान दिए। बता दें कि बढते मोटापे के चलते परिणीति चोपड़ा को लेकर कुछ दिनों पहले प्रेग्नेंसी को लेकर काफी खबरें आईं, जिसको लेकर एक्ट्रेस काफी परेशान नजर आ रही थी।



# अभिनेता राजकुमार राव प्लास्टिक सर्जरी पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव हाल ही में सुर्खियों में बने हुए थे। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, फोटो देखकर जनता ने कयास लगाने शुरू कर दिए कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है।

हालांकि, राजकुमार ने प्लास्टिक सर्जरी जैसी किसी बात से इंकार किया। उन्होंने कहा कि ये तस्वीर उन्होंने भी देखी है और उन्हें ऐसा लगा जैसे किसी ने उनके साथ प्रैंक किया है। राजकुमार ने कहा कि उन्हें ये फोटो एडिट की हुई लग रही है। राजकुमार राव ने एक इंटरव्यू में कहा कि अब पैपराजी हर जगह पहुंच जाते हैं और इसके बाद हमेशा ये ध्यान रखना पड़ता है कि जब भी बाहर निकलें, तब अच्छे दिख रहे हों। जब राजकुमार से पूछा गया कि क्या मेल अभिनेता पर भी अच्छा दिखने का दबाव फीमेल अभिनेत्री जितना है? तब उन्होंने कहा, बिल्कुल उतना ही है। मुझे नहीं लगता कि कुछ भी अलग है। शायद उतना बुरा नहीं क्योंकि वहां आपकी चप्पलों के बारे में बात नहीं करते। लेकिन मेरे साथ ये हाल ही में हुआ, इसलिए मुझे पता है। एक गलत एंगल, एक गलत तस्वीर, एक गलत मोमेंट कैप्चर होता है और लोग बिना वजह इसकी बातें करते रहते हैं।


प्लास्टिक सर्जरी पर राजकुमार ने कहा था कि उन्होंने कभी ये नहीं करवाया। हालांकि उन्होंने माना था कि कई साल पहले वे अपने लुक्स को लेकर फिकमंद थे, तब उन्होंने फिलर्स लिए थे। उन्होंने कहा था, जब मैंने शुरुआत की थी, लोग मेरे लुक्स पर कमेंट करते थे।

# आज भी दी जाती है 2 सुपरस्टार्स की दोस्ती की मिसाल

हम आपको दो ऐसे सुपरस्टार्स की दोस्ती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी दोस्ती की मिसाल आज तक दी जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इन दोनों की डेथ भी एक ही तारीख को हुई थी वहीं इनकी मौत की वजह भी एक ही थी। हम जिन एक्टर्स की बात कर रहे हैं, वो हैं विनोद खन्ना और फिरोज खान। दोनों की दोस्ती के खूब चर्चे थे।


दोनों ने साथ में कई फिल्मों में भी काम किया है। दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब प्यार किया था। दोनों ने साथ में जो भी फिल्म की उसे हिट की गारंटी माना जाता था। वहीं पर्दे पर इन दोनों की जोड़ी जितनी हिट थी रियल लाइफ में भी दोनों एक-दूसरे के काफी करीब थे। दोनों एक-दूसरे के जिगरी दोस्त थे। इनकी दोस्ती के उस जमाने में खूब चर्चे हुआ करते थे। दोस्ती के अलावा इनमें खास बात जो है वो दोनों का डेथ। जी हां, आप लोग ये सुनकर चौंक जाएंगे कि दोनों एक्टर्स की डेथ 8 साल के गैप में एक ही तारीख को हुई थी। जहां फिरोज खान का निधन 27 अप्रैल 2009 को हुआ था। वहीं दूसरी तरफ फिरोज के डेथ के 8 साल बाद 27 अप्रैल 2017 को विनोद खन्ना का निधन हुआ था। इतना ही नहीं दोनों का निधन भी एक ही बीमारी की वजह से हुआ था। जहां फिरोज खान लंग कैंसर की वजह से अपनी जिंदगी से जंग हार गए थे। तो वहीं विनोद खन्ना ब्लैडर कैंसर से।बता दें कि फिरोज खान और विनोद खान ने पहली बार फिल्म शंकर शंभु के सेट पर मिले थे, जहां से दोनों की दोस्ती की शुरुआत हुई थी।

इस फिल्म में फिरोज ने शंकर और विनोद ने शंभु का किरदार निभाया था। फिल्मतो सुपरहिट हुई ही इसके साथ ही दोनों की दोस्ती भी चल पड़ी। और देखते ही देखते दोनों एक दूसरे के करीबी दोस्त बन गए। वहीं इसके बाद साल 1980 में आई फिल्म कुर्बानी में भी दोनों ने दोस्त का रोल प्ले किया था। इसके बाद दोनों साल 1988 में आई फिल्म दयावान में साथ नजर आए थे। बता दें कि बॉलीवुड के कई सितारे सालों से पक्के दोस्त हैं। इनकी दोस्ती की मिसाल पूरी फिल्म इंडस्ट्री में दी जाती है। इस लिस्ट में शाहरुख खान से लेकर सलमान खान, रणवीर सिंह से लेकर अर्जुन कपूर और काजोल से लेकर करण जौहर तक के नाम शामिल हैं।



# एरियल योग करते हुए एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने दिखाई अपनी फिटनेस

फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखती हैं। तापसी ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एरियल योग की कुछ मुद्राएं शेयर की। एरियल योग पारंपरिक योग का एक रूप है, जिसे कपड़े की मदद से किया जाता है। रविवार की सुबह तापसी ने इंस्टाग्राम पर एरियल योग का अभ्यास करते हुए अपनी एक वीडियो शेयर की। एरियल योग करते हुए एक्ट्रेस एथलीजर ड्रेस में दिखीं। उन्हें एक कपड़े के साथ हवा में प्रदर्शन करते हुए देखा सकता है। तापसी ने इसे कैप्शन दिया, 'वर्क इन प्रोग्रेस।' वीडियो के बैकग्राउंड में मोजार्ट का 'सिम्फोनिया' बज रहा है। एरियल योग, पारंपरिक आसन और योग दर्शन को हवाई कलाबाजी की कला के साथ सहजता से मिश्रित करता है, इसमें विभिन्न प्रकार की मुद्राएं करने के लिए कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है। मार्च में अपने प्रेमी मैथियास बो से शादी करने वाली एक्ट्रेस, 'हसीन दिलरुबा' के आगामी सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में दिखाई देंगी। फिल्म में विक्रांत मैसी, सनी कौशल और जिम्मी शेरगिल भी अहम भूमिकाओं में हैं।





# दीपिका पादुकोण को कई हिट फिल्मों के मिले ऑफर

दीपिका पादुकोण की आज बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में गिनती होती है उन्होंने अपने 17 साल के करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण ने एक इंटरव्यू में कहा था कि काश वो रॉकस्टार कर पातीं, क्योंकि उन्हें यह बहुत ज्यादा पसंद आई। हालांकि, उन्होंने खुद ही इसे अपने हाथ से जाने दिया था। इम्तियाज अली की सबसे हिट फिल्मों में से एक रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने काम किया था। कैटरीना कैफ और शाहरुख खान की हिट फिल्म जब तक है जान में अकीरा वाला किरदार पहले दीपिका पादुकोण को ही ऑफर किया गया था, लेकिन किसी वजह से बात नहीं बन पाई और फिल्म अनुष्का शर्मा के पास चली गई। ऐसे ही धूम 3 में आलिया से पहले दीपिका पादुकोण को ही ऑफर मिला था। दीपिका को रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल की फिल्म रॉय के लिए भी अप्रोच किया गया था।


बॉलीवुड सुपर स्टार सलमान खान की फिल्म सुल्तान में भी दीपिका को ऑफर मिला था लेकिन दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी रहने के चलते उन्होंने सलमान खान के साथ काम करने का ऑफर छोड़ दिया। बता दे कि सुल्तान से पहले दीपिका को सलमान खान के साथ काम करने का एक और मौका मिला था। प्रेम रतन धन पायो में सोनम कपूर वाला किरदार लेकिन उन्होंने इस ऑफर को भी ठुकरा दिया था।

# नीसा अक्षय के बेटे के साथ नजर आई पार्टी मूड में

सोशल मीडिया पर कई स्टार किड्स की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। ऐसे स्टार किडस में अजय देवगन की बेटी नीसा भी शामिल है। नीसा देवगन की बात करें तो वो हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। नीसा ने अभी तक भले ही अपना बॉलीवुड डेब्यू नहीं किया है, लेकिन फैन फॉलोइंग में वो बड़ी स्टार्स को मात देती हैं।

इसी बीच अब नीसा की एक तस्वीर इंटरनेट पर चर्चा में आई है। इस तस्वीर में नीसा बॉलीवुड के सुपरस्टार के बेटे के साथ पार्टी मूड में नजर आ रही हैं। अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन को अक्सर पार्टी करते दिखा जाता है। ऐसे में एक बार फिर से नीसा की एक तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में नीसा बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार के बेटे आरव कुमार और ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी के साथ नजर आ रही हैं। नीसा देवगन और आरव कुमार को लंदन के एक रेस्तरां में साथ पार्टी की। इस तस्वीर में तीनों खड़े होकर पोज देते दिख रहे हैं। इस दौरान नीसा हमेशा की तरह ही आने हॉट लुक और कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। तीनों ही कैमरे की ओर फोकस करते दिखे।

इस तस्वीर के ऊपर लिखा, डिनर फन टाइम्स, और उसके नीचे पिछली रात के बारे में लिखा है। इस दौरान नीसा देवगन के लुक की बात करें तो उन्होंने ग्रे कलर का फुल स्लीव्स टॉप और शॉर्ट स्कर्ट पहना है। इसके साथ नीसा के ओपन हेयर और उनका न्यूड मेकअप उन्हें और भी हॉट बना रहा है। वहीं, आरव ने ब्लू डेनिम के साथ ब्लैक टीशर्ट पहनी है। ओरी भी ब्लैक आउटफिट में नजर आए।



# दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने सिलवासा शहर में किया डोर टू डोर चुनाव प्रचार





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 29 अप्रैल। दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने आज सिलवासा शहर में डोर टू डोर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान गोडसे कोर्नर से टोकरखाडा, रेडक्रॉस मुख्य मार्ग से इंदिरानगर, पंचायत मार्केट से आमली फुहारा, आमली सब्जी मार्केट से तीन रास्ता, होते हुए रोहितवास से बाविसा फलिया विस्तारों में चुनाव प्रचार कर जनता का समर्थन मागा। चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न जगहों पर दुकानदारों ने भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर का पुष्पहार से भव्य स्वागत किया। भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने तमाम दुकानदारों एवं लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी चिंता के दिन खत्म हो गये। दादरा नगर हवेली के छोटे-बडे दुकानदारों की अब सभी चिंता दूर होगी, विकास के काम चलेंगे लेकिन किसी दुकानदार को भारी नुकसान न हो इसका ध्यान रखा जायेगा। आज के चुनाव प्रचार में भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के साथ पूर्व सांसद नटू पटेल, सिलवासा नगरपालिका अध्यक्ष रजनी शेट्टी, युवा नेता अभिनव डेलकर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेशसिंह चौहाण, अजय देसाई, अश्विनाबेन, दिग्विजयसिंह परमार, कमलेश पटेल, डॉ. टी. पी. चौहाण, सुनील पाटिल, कौशिल शाह, पंकज शर्मा, विशाल पटेल, हितेश लाड, शांतू पुजारी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव की पर्यवेक्षक ने दाभेल और आटियावाड चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद समग्र देश में आदर्श आचार संहित लागू हो गई है। जिससे समग्र देश में पारदर्शी तथा निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। इसी क्रम में दमण जिले में आगामी लोकसभा के सामान्य चुनाव 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन हेतु चुनाव संबंधी समग्र तैयारियों के निरीक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दमण जिले के लिए जनरल ऑब्र्जवर (पर्यवेक्षक) वसीरेड्डी विजया ज्योत्सना को निर्वाहकन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत जनरल ऑब्र्जवर (पर्यवेक्षक) ने दमण के दाभेल और आटियावाड चेकपोस्ट का दौरा किया और वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया है कि दमण जिले में चुनावी प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। जनरल ऑब्र्जवर ने स्थानीय अधिकारियों को संदेश दिया कि वे लोकतंत्र के इस महोत्सव को सुचारू रूप से आयोजित करें और सभी चुनावी नियमों का पालन करें।

# एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में दमण के बॉक्सर सुमित ने क्वॉर्टर फाइनल में साउथ कोरिया के बॉक्सर को हराकर देश के लिए मेडल किया पक्का



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। अंतरॉष्ट्रीय बॉक्सिग फेडरेशन द्वारा अस्ताना कजाकिस्तान में आयोजित प्रतिष्ठित एशियन यूथ बॉक्सिग चैंपियनशिप 2024 के लिए भारतीय यूथ बॉक्सिग टीम का सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 12 से 15 अप्रैल को किया गया था। इस सिलेक्शन ट्रायल में दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के बॉक्सर सुमित ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 63-67 किलोग्राम वेट कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया एवं भारतीय यूथ बॉक्सिग टीम में अपनी जगह पक्की की थी। उल्लेखनीय है कि अस्ताना कजाकिस्तान में एशियन यूथ बॉक्सिग चैंपियनशिप 2024 में भारत के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ प्रदेश के स्टार बॉक्सर सुमित ने 63-67 किलोग्राम वेट कैटेगरी के व्यक्तिगत स्पर्धा में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वॉर्टर फाइनल में सुमित का मुकाबला साउथ कोरिया के बॉक्सर होन्ग सो जिन से हुआ, जिसमें सुमित ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए साउथ कोरिया के बॉक्सर को 5-0 स्कोर से हराया और अपने लिए और देश के लिए मेडल पक्का किया। अब सेमी फाइनल मुकाबले में सुमित की फाइट कजाकिस्तान के बॉक्सर से होगी। सुमित के प्रशिक्षक विजय कुमार ने कहा अगर इसी तरह सुमित का आक्रामक खेल जारी रहा तो भारत के लिए स्वर्ण पदक पक्का जीत कर रहेंगे। खेल एवं युवा विभाग के सचिव डॉ. अरुण टी., निदेशक अरूण गुप्ता एवं विभाग के अधिकारी अक्षय कोटलवार और देवराज सिंह राठोड ने सुमित को सेमी फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएँ दी।

# दमण निफ्ट में आज स्पेक्ट्रम का होगा आयोजन

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान दमण द्वारा आयोजित एक आगामी इंटरकॉलेज फेस्ट, स्पेक्ट्रम, जो कि 30 अप्रैल और 1 मई 2024 को निश्चित किया गया है। जीईसी कैंपस वरकुंड स्थित एनआईएफटी दमण कैम्पस में होगा। स्पेक्ट्रम का उद्देश्य टैलेंट को प्रदर्शित करना, नए विचारों को प्रोत्साहित करना और छात्रों के बीच में मित्रता को बढ़ावा देना है। नियोजित गतिविधियों, प्रदर्शनियों और साक्षात्कार सत्रों के साथ स्पेक्ट्रम छात्रों को उनके कौशलों को प्रदर्शित करने और अन्य संस्थानों के साथ जुड़ने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। स्पेक्ट्रम में विविध गतिविधियों, प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनियां और खेल शामिल होंगे। इस जीवंत मिश्रण की वजह से स्पेक्ट्रम सभी प्रतिभागियों के लिए एक समावेशी और रोमांचक अनुभव होगा। स्पेक्ट्रम में शामिल होने के इच्छुक कॉलेजों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में टीम और व्यक्तियों को इकठ्ठा करने का प्रोत्साहन दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए या भागीदारी की पुष्टि के लिए कृपया संचालकों से sdac.daman@nift.ac.in या 7903175753 पर संपर्क करें।

# दमण में माइक्रो ऑब्र्जवरों को दिया गया प्रशिक्षण, निर्वाचन प्रक्रिया पर पैनी नजर रखने के दिये गये निर्देश



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 29 अप्रैल। दमण में लोकसभा चुनाव के लिए भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त किये गए सामान्य प्रेक्षक/जनरल ऑब्र्जवर (पर्यवेक्षक) वसीरेड्डी विजया ज्योत्सना की अध्यक्षता में आज माइक्रो ऑब्र्जवर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रेक्षक एवं प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो ऑब्र्जवरों को चुनाव में उनके कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सोमवार को समाहर्तालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी माइक्रो ऑब्र्जवर को निर्वाचन प्रक्रिया पर पैनी नजर रखने हेतु कहा। पॉलीग पार्टी एवं माइक्रो ऑब्र्जवर आपस में बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराएं। इस दौरान सभी को विस्तार से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई और 7 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस की रिपोर्टिंग के बारे में बताया गया। इसी क्रम में कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट एवं वीवीपैट को सुचारु रूप से संचालित करने के बारे में भी बताया गया। पर्यवेक्षक ने कहा कि मतदान समाप्ति के बाद अनुलग्नक 28 के निर्धारित प्रारूप पर अपनी रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में दी जाएगी। यदि कोई जरूरत पड़ी तो स्क्रूटनी के समय संबंधित माइक्रो ऑब्र्जवर को बुलाया जाएगा।


## १५मी पुण्यतिथिए श्रद्धांजलि



**स्व. मिठ्ठलभाई वसनभाई पटेल**

स्व. ता. ३०/०४/२००९

જીવન એવુ જીવી ગયા કે સૌ સદા આપને યાદ કર્યા કરે,
કર્મ સદા એવા કર્યા કે સૌના હૃદયમાં ગુંજ્યા કરે
જીવનમાં દુઃખથી કદી ડર્યા નહી, વ્યવહાર કદી ચુક્યા નહી,
ધર્મ કદી ભૂલ્યા નહી, સુખ-દુઃખમાં સદા હસતા રહ્યા
આપના દિવ્ય આત્માને પ્રભુ શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.

લિ.

કિશોરભાઈ મિઠ્ઠલભાઈ પટેલ (સુપુત્ર)
સુરેશભાઈ મિઠ્ઠલભાઈ પટેલ (સુપુત્ર)
તથા પટેલ પરિવાર

સ્થળ: ઢાકલીની વાડી, નાની દમણ - ૩૯૬૨૧૦

## ત્રીજી પુણ્યતિથિએ શ્રદ્ધાંજલિ



**સ્વ. અક્ષયકુમાર કાંતિભાઈ પટેલ**

સ્વ. તા. 30/04/2021

સમય જીંદગીનો ઓછો હશે ક્યાં ખબર હતી, વિદાય તમારી અણધારી હશે એ ક્યાં ખબર હતી, હે પ્રભુ અમારે હતી જરૂર તેની તમને શી જરૂર પડી, અમારા ખજાનેથી રત્ન લઈ ગયા. આંખો હજી નિહાળે છે તમને, અંતર હજી પોકારે છે તમને, સ્મરણ તમારૂ થાય ત્યારે મન મૂકીને રડાવે છે અમને. પ્રભુ આપના દિવ્ય આત્માને ચિર શાંતિ આપે એજ પ્રાર્થના.

...ૐ શાંતિ...

લિ.

કાંતિભાઈ બાબુભાઈ પટેલ (પિતા), મંજુલાબેન કાંતિભાઈ પટેલ (મમ્મી),
ભાવેશભાઈ કાંતિભાઈ પટેલ (ભાઈ), સ્વેતા (સપનાબેન) ભાવેશભાઈ પટેલ (ભાભી),
વિમલભાઈ કાંતિભાઈ પટેલ (ભાઈ), સુહાંગી વિમલભાઈ પટેલ (ભાભી)
દ્રિતિ વિમલ પટેલ (ભત્રીજી) તથા સમસ્ત પટેલ પરિવાર

નિવાસ સ્થાન: ડાભેલ, ઘેલવાડ ફળિયા, દમણ.





स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)